ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 11.11.2024 | वर्ष 11, अंक 305 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

अपनो का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!



# हुसैनाबाद में कमलेश सिंह के प्रचार में पहुंचे चिराग पासवान, उमड़ा जन सैलाब

## आरक्षण व संविधान पर कोई आंच नहीं आने देंगे : चिराग

### राजद-जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाला

चिराग पासवान ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद - जेएमएम और कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के गरीबों का पैसा लूटकर अपने घरों में भरने का काम किया हैं। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के नाम पर ठगा गया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि राजद - जेएमएम कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं को असुरक्षित कर दिया है। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के नाम पर पांच सालों तक ठगा। इसलिए झारखंड को भ्रष्टाचार और लूट की सरकार से मुक्त करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है। राज्य में बालू के लिए गरीबों को दर दर की ठोकरे खाना पड़ा। सरकार तमाशबीन बनकर देखती रही। देश में 80 करोड़ लोगों को अनाज देने का काम उनके पिता रामविलास पासवान ने शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे और बेहतर करने का काम किया। युवाओं के हाथ में मोबाइल फोन रामविलास पासवान की देन है। यह उपकरण अमीरों के हाथ रहता था। रामविलाज पासवान ने गरीबों के हाथों में देने का काम किया है।





### कांग्रेस शासन में रामलला को टेंट में रहना पड़ा

चिराग पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार में राम मंदिर बना। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी उन्होंने राम मंदिर के बारे में सोचा तक नहीं। 500 सालों से रामलला धूप, धूल, गर्मी, बरसात सहते रहे। कांग्रेस की सरकार के दौरान भगवान राम को टेंट में रहना पड़ा और उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं था। लेकिन देश में भाजपा की सरकार बनते ही भगवान राम भक्तों को भव्य राम मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसका लोकार्पण और राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को कमल फूल निशान पर बटन दबा कर विजई बनाने की अपील की।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने हुसैनाबाद के हैदरनगर उच्च विद्यालय के मैदान में कहा कि राजद - जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने झारखंड को खतरे में डाला है और राज्य के गरीबों का पैसा लूटा हैं। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को समर्थन देने की अपील की और राम मंदिर निर्माण के लिए भाजपा के योगदान की तारीफ की। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह की चुनावी सभा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद से उनके पिता रामविलास पासवान जी का गहरा लगाव रहा है। वह हमेशा हुसैनाबाद आया जाया करते थे। उनके साथ बचपन में वह भी आते थे। हुसैनाबाद से उनका पारिवारिक संबंध है। इस दौरान उन्होंने कहा- ' मैं अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के संघर्षो की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है तब तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पासवान समाज को रामविलास पासवान भवन व द्वार बना कर उन्होंने सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता को विधानसभा भेज कर राज्य में डबल इंजन की सरकार को मजबूती देने का काम करें और नरेंद्र मोदी जी के कंधे को मजबूत करें। भीड़ इतनी थी कि प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को अपनी गाड़ी एक किलो मीटर छोड़ सभा में पैदल पहुंचना पड़ा।

## आप सबों के आशीर्वाद से ही हुआ गढ़वा का ऐतिहासिक विकास : मंत्री मिथिलेश





**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवासयी संघ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित विद्या गुपुत वाटिका में शनिवार की संध्या सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। व्यवसायियों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री गढ़वा विस क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को सम्मानित किया। इस दौरान सभी व्यवसायियों ने गढ़वा के विकास को और आगे बढ़ाने के लिए मंत्री श्री ठाकुर का समर्थन किया। सभी ने तीर-धनुष छाप पर वोट देकर मंत्री श्री ठाकुर को जीताने का संकल्प लिया। व्यवसायियों ने बुके देकर एवं बड़ा माला पहनाकर मंत्री एवं उनके परिजनों का भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं यहां अपने परिवार के बीच में हूं। मैं यहां के एक-एक लोगों का ऋणी हूं। जिनके आशीर्वाद से गढ़वा का ऐतिहासिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में भाजपा को अधिक वोट मिलने तथा झामुमो को कम वोट मिलने के मिथक को तोड़ते हुए गढ़वा के लोगों ने पिछले चुनाव में सर्वाधिक वोट देकर रिकार्ड बनाया है। मंत्री ने कहा कि जाति, धर्म, संप्रदाय की भावना में बहकर नहीं बल्कि सोच समझ कर अपने मत का प्रयोग करें ताकि पांच साल पछताना नहीं पड़े। मंत्री ने कहा कि वे सभी राजनेताओं से अपील करते हैं कि धर्म को कभी राजनीति से नहीं जोड़ें। धर्म में सभी का आस्था होता है। मंत्री श्री ठाकुर की पुत्री दृष्टि ठाकुर ने कहा कि उनके पिता मिथिलेश ठाकुर का एक ही लक्ष्य है कि जब बेहतर जिला की बात आए तो लोगों के जुबान पर रांची का नहीं बल्कि सिर्फ गढ़वा का नाम आये। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने गढ़वा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। वे कभी भी घर में आराम नहीं करते हैं। यहां तक कि तबियत खराब होने की स्थिति में भी घर में रह कर गढ़वा के लोगों से ही बात करते रहते हैं। इसलिए इनके विकास कार्यो को देखते हुए सभी लोग चुनाव चिन्ह तीर-धनुष छाप पर वोट देकर पुनः जीत दिलायें एवं सेवा का मौका दें। मौके पर मुख्य रूप से मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचला ठाकुर, पुत्री सौम्या ठाकुर, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जवाहर पासवान, एमपी केशरी, भुनेश्वर सोनी, सुरेश जायसवाल आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से संतोश केशरी, कंचन साहू, रवि केशरी, राकेश पाल, चंदन जायसवाल, महेंद्र प्रसाद, अनिता दत्त, संजय भगत, प्रदीप केशरी, संतोष गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, ज्योति प्रकाश केशरी, दिव्य प्रकाश केशरी, सत्य प्रकाश केशरी, संजय जायसवाल, मनोज केशरी, अजय केशरी, रेखा चौबे, मानिक चंद सोनी, अश्विनी चौबे, डॉ विरेंद्र प्रसाद, विजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने किया अनंत प्रताप देव के लिये केतार में जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर, खोंहर, मोटंगवा, चेचरिया सहित दर्जनों गांव में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह झामुमों नेत्री शर्मा रंजनी उर्फ रंजनी शर्मा ने रविवार को महागठबंधन के उम्मीदवार अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में सैकड़ो समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से महागठबंधन के प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर जीताने का अपील भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 1000 प्रति माह मईया सम्मान योजना के तहत दी जा रही है। वही बच्चियों को पढ़ने के लिये सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 40000 तक का लाभ सहित साइकिल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मात्र 50 वर्ष के महिलाओं को भी सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन दी जा रही है। यह वर्तमान हेमंत सरकार राज्य के किसानों का लोन माफी तथा 200 यूनिट बिजली बिल माफ किया है। इस मौके पर प्रखंड युवा अध्यक्ष छोटन सिंह, महेंद्र पाल, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, मनिष गुप्ता, बिट्टू सिंह, तजामुल अंसारी, जयंत विश्वकर्मा, संतोष सिंह, भोला सिंह, नवनीत सिंह, रमेश राम, लालेश्वर राम सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## विधायक भानु की पत्नी चानी शाही ने पति के पक्ष में मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** विधानसभा चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही के चुनावी समर में साथ देने के लिए उनकी पत्नी चानी शाही भी मैदान में उतर कर अपने पति के समर्थन में वोट मांग रही है। रविवार को अरसली उत्तरी, अरसली दक्षिणी पंचायत में भ्रमण कर भानु प्रताप शाही के पक्ष में समर्थन मांगा। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए चानी शाही ने कहा मैं विधायक की पत्नी बनकर नहीं बल्कि आप सबों की बहु, बेटी बनकर आप के पास आयी हूं। यह चुनाव धर्म और अधर्म की लड़ाई का है, जिसमें धर्म की रक्षा के लिए भानु प्रताप शाही का समर्थन कीजिए। कहीं सशक्त भारत के निर्माण के लिए भाजपा को समर्थन कीजिए। उन्होंने कहा कि भले ही विरोधी कहें कि भानु प्रताप शाही का बाप, भाई, भागिना का साया उनके सर से उठ गया है लेकिन आप सभी लोग ही उनके बाप, भाई और भगीना बनकर विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दीजिए। कही की हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई से ऊपर उठकर भाजपा का समर्थन कर एक बार फिर से आपका बेटा आपका भतीजा भानु को विधानसभा भेजने का कम कीजिए। चानी शाही ने अरसली उत्तरी के झुमरी, दुर्ग मंदिर परिसर, अरसली दक्षिणी के बनखेता, बैगाडिह, मजुराही, चेरवाडिह, हेसलदाग में सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुलता कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष संगिता गुप्ता, पंचायत संयोजक प्रियंका देवी, दुर्गावती देवी सहित अन्य महिला उपस्थित थीं।

## बंशीधर नगर में सीएम हेमंत ने किया विशाल जनसभा को संबोधित



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर की नगरी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के पक्ष में गोसाईबाग के मैदान में प्रचार करने पहुचे थे।उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि झारखंड देश का सबसे अमीर प्रदेश है लेकिन यहां के लोग पूरे देश में रहने वाले लोगो से गरीब है। हमारी सरकार ने आपको विभिन्न तरीकों से आपकी सेवा किया है। जब हमारी सरकार बनी उस समय लॉकडाउन लगा दिया गया। उसे विकट स्थिति में भी हमने अपने लोगों को उनके गंतव्य तक कुशलपूर्वक पहुंचाया। भाजपा रोटी, माटी और बेटी की बात करती है। लेकिन चुनाव के समय बलात्कारियों को जेल से निकालकर उनसे पार्टी का प्रचार करवाती है और वोट मांगती है। वर्षो तक झारखंड के लोग अंधेरे में रहते थे और कर्ज लेकर जीते थे। हमने लोगों का बिजली बिल ही नहीं माफ किया बल्कि 200 यूनिट फ्री बिजली भी दिया। योजनाओं के माध्यम से बेटियों को समर्थवान बनाया है। सावित्रीबाई फुले योजना के माध्यम से बच्चियों को पढ़ने का मौका दिया। गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उनकी पढ़ाई को पूरी तरह से फ्री कर दिया।हम बेटियों को बोझ नहीं बेटियों को अपनी संपत्ति बनाकर रखना जानते हैं। उन्होंने कहा कि उसके लिए हमने झारखंड की महिलाओं को 1000-1000 हजार रुपये हर महीना मइयां सम्मान योजना के तहत देने का कार्य किये हैं और आने वाले दिसंबर के बाद वह 1000 हजार के बदले 2500 रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा की महिलाओं को हमने सम्मान देते हुए अपने पैरों पर खड़ा करने का काम किया है। आने वाले समय में प्रत्येक महिला को 1 लाख रुपये की वार्षिक मदद मिलेगी। हमने सभी बुजुर्गो, विधवाओं को पूर्ण रूप से पेंशन देने का कार्य किया है। बीते 5 साल में भाजपा सूखे पेड़ की तरह हो गई है और आने वाले 5 साल में सुख कर उसका अस्तित्व झारखंड में खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले मेरे ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं।खुद गुजरात में ड्रग्स मनाया जाता है और बंदरगाह से रातों-रात सारा ड्रग्स गायब हो जाता है। उसको पूरे देश में बेचा जाता है और उस नशे से हमारे नौजवानों के जिंदगियों से खेल रहा है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुरी में हुआ समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** श्री सर्वेश्वरी समूह के द्वारा 24 घंटे का अखंड कीर्तन तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में 150 लोगों का उपचार कर दावा दी गई, श्री सर्वेश्वरी समूह का कार्यक्रम 9 नवंबर से शुरुआत की गई थी और 10 नवंबर को समापन करते हुए सफलयोनि का पाठ श्री राधेश्याम मिश्रा जी द्वारा किया गया वही एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री मति रागिनी राय डाल्टेनगंज ने की मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि राय, राहुल सिंह, मंच संचालन संजीत कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। गोष्ठी में श्रीमती रागिनी राय जी ने कहा कि परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी ने जो समता एकता भेद भाव का मिससाल है दिन दुखियों की सेवा ही मानवता का धर्म है। कार्यक्रम में कुलपति डॉक्टर दिनेश सिंह (डेंटल कॉलेज), रंजीत सिंह, रविन्द्र नाथ द्विवेदी, विजय पांडे (सनातन विद्या मंदिर), जयराम मिश्रा राधेश्याम मिश्रा, लखन पांडे, विनोद पांडे, हक्कानी राम, चंद्रदेव साव, साहेब राम, श्रीकांत मिश्रा, आकाश कुमार, शिवचंद कुमार, बीरबल प्रजापति, विनोद राम, दुखराज राम अंश राज, केदार पांडे, आकाश कुमार मिश्रा, श्रेया कुमारी सहित लोगों ने उत्साह पूर्वक सहयोग कर कार्यकर्म को सफल बनाया।

## डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के हर परिवार का बेटा है हमारा : इंदर सिंह नामधारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राजनीति के भीष्मपितामह कहे जाने वाले इन्दर सिंह नामधारी ने डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। वे इस क्षेत्र के 5 बार के जनप्रतिनिधि रह चुके हैं और आज भी क्षेत्र की जनता से उनका गहरा लगाव है। श्री नामधारी ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे जनता के बीच उनकी छवि और भी मजबूत हुई है। उनके साथ हर दुख-सुख में एक पारिवारिक सदस्य की तरह उपस्थित रहना, उनकी लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है।अन्य प्रत्याशियों को अपना परिचय देना पड़ता है, लेकिन दिलीप सिंह नामधारी को इस क्षेत्र के हर परिवार का बेटा माना जाता है। यह उनके प्रति जनता के विश्वास और उनके द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है।

**हमारी जीत सुनिश्चित है : दिलीप नामधारी**





डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर प्रखंड के चियांकी एवं चैनपुर प्रखंड के धावाटांड़, कंकारी, बसरिया, सोकरा, दोकरा, अलगडीहा, चांदो, भुइयांराजा, अवसाने, पीड़हे, चुनगाबांसडीह का तूफानी दौरा निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने किया। दिलीप जी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे पिता इंदर सिंह नामधारी मेरे स्टार प्रचारक है, चुनाव मैदान में उनकी मजबूत स्थिति को देखकर बाकी के प्रत्याशियों को चुनौती महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच में रहकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें हल करने का प्रयास करेंगे। दिलीप सिंह ने जनता से अपील की कि वे अपने मत का सही उपयोग करें और उनके साथ मिलकर एक मजबूत और विकासशील क्षेत्र का निर्माण करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वे क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरे के दौरान, दिलीप जी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दिलीप जी के विचारों का समर्थन किया और उन्हें अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान ने किया दर्जनों गांव का दौरा

## मुमताज खान के साथ उमड़ा जन सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का तूफानी दौरा किया। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष मुमताज खान के साथ थे। दौरे के क्रम में आम जनों को संबोधित करते हुए मुमताज अहमद खान ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यहां के जितने भी जनप्रतिनिधि हुए किसी ने भी हिंदू मुस्लिम एकता की बात नहीं की। मुमताज खान ने कहा कि उनके द्वारा हर समय हिंदू मुस्लिम एकता की बात की जाती है। इसके कई उदाहरण है। उन्होंने कहा कि



रामनवमी का पर्व हो या दुर्गा पूजा। दीपावली हो या होली। हिंदू धर्म के सभी पर्व त्यौहार में उनकी सहभागिता होती है। वे खुद खड़ा होकर जेसीबी मशीन से छठ घाटों की सफाई करते हैं। साथ ही उनके द्वारा जलसा भी कराया जाता है। यही हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है। मुमताज खान ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा 30 वर्षो से हिंदू मुस्लिम एकता के लिए कार्य किया जा रहा है। मुमताज खान ने कहा कि वह कभी भी समाज को बांटने में विश्वास नहीं करते हैं। समाज में जितने भी जात, वर्ग और धर्म के लोग हैं, उनके नज़रों में सभी एक समान है। उन्होंने कहा कि मानवता और इंसानियत की जो बात करेगा वही पांकी विधानसभा क्षेत्र पर राज करेगा। मुमताज खान ने कहा कि हम किसी भी व्यक्ति की बीमारी में अपना खून देखकर उसकी सेवा करते हैं। इसलिए कि हिंदू और मुस्लिम के खून में कोई अंतर नहीं होता है। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम गरीबों को न्याय दिलाने का काम करते हैं। हिंदू और मुसलमान के बीच शांति स्थापित करने का काम करते हैं। हमने कभी किसी के मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया है। मुमताज खान के साथ ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा है। सभी लोग मुमताज खान का दर्शन करने को बेताब देखे गए। सभी ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र से मुमताज खान रिकार्ड मतों से जीतेंगे। इनकी जीत तय है।

### विकास दुबे ने डीजल पंप छाप पर वोट देकर जागृति दुबे को जिताने की अपील की

## जागृति दुबे के समर्थन में उमड़ रहा है जन समर्थन

### जागृति दुबे को मिल रहा है हर वर्ग और धर्म के लोगों का साथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर विश्रामपुर :** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे के पक्ष में लगातार जन समर्थन उमड़ रहा है। जागृति दुबे के पक्ष में विकास दुबे लगातार जनसंपर्क में डटे हुए हैं। इस विधानसभा क्षेत्र की जनता विकास दुबे को अपना समर्थन देने का पूरा मन बना चुकी है। पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जागृति दुबे के पक्ष में हर वर्ग और हर धर्म के लोगों का जोड़ा साफ दिख रहा है। विकास दुबे का कहना है कि यहां की जनता ही मेरा सिंबल है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी जात,वर्ग और धर्म के लोगों का उन्हें प्रतिनिधित्व करना है। साथ ही पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से



भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का वे तत्काल समाधान करेंगे। दूसरे के दर्द को अपना अपना दर्द समझना ही सच्ची मानवता है। विकास दुबे ने कहा कि आज भी गरीबी और भुखमरी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चरम पर है। इसे निपटारा करना उनके लिए किसी चुनौती से काम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिश्रामपुर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का है. दो लोगों के चालीस वर्षो के कुशासन से मुक्ति का है. अगर इस अवसर को लोगों ने छोड़ दिया तो विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का भविष्य और भी अंधकारमय हो जायेगा. उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को यहां के जनप्रतिनिधियों ने जमकर लूटा। इनलोगों ने क्षेत्र की जनता को 40 वर्षो तक बदहाली की स्थिति में छोड़ दिया। इतने वर्षो तक इस क्षेत्र में विकास के काम हुए ही नहीं। विकास दुबे ने कहा कि अगर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से जागृति दुबे की जीत होती है तो इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी जाएगी। हर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। विकास दुबे ने कहा कि किसानों की बदहाली वे दूर करके ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गरीबी और बेरोजगारी भी चरम पर है। गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में कई उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य की भी बदहाल स्थिति है। इन सभी को भी पूरी तरह से ठीक किया जाएगा। विकास दुबे ने कहा कि चुनाव में बहुत से ऐसे लोग हैं जो जनता को ठगने के लिए आए हैं। इसलिए यहां की जनता को पूरी तरह से सतर्क रहना है और सोच समझकर अपना वोट देना है। एक भी वोट को खराब नहीं करना है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 11.11.2024 वर्ष 11, अंक 305 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

अपनो का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!




## क्विक न्यूज

### प्रथम चरण के चुनाव के भोंपू सोमवार शाम हो जाएंगे बंदः के रवि कुमार

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण के चुनाव प्रचार का कार्य सोमवार शाम थम जाएगा। जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले सोमवार को चार बजे थम जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ चुनाव कार्य को लेकर वहां गये (जो वहां के वोटर नहीं हैं) राजनीतिक लोगों को वहां से चले जाना होगा। ऐसे लोगों को कैंपेन की अवधि समाप्ति के बाद पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। सोमवार को पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में हेलीड्रापिंग के माध्यम से 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को भेजा जाएगा। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

# झारखंड हम बनाए, हम ही सवारेंगे : पीएम मोदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के बोकारो जिले के चंदनक्यारी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जेएमएम और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है. छोटा नागपुर का ये पठार भी कह रहा है - रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार. पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा-एनडीए का यहां एक ही मंत्र है - हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगे. ऐसे लोग कभी झारखंड का विकास नहीं करेंगे, जो झारखंड राज्य के निर्माण के विरोधी रहे हैं.प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से 10 साल पहले, 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी,



मैडम सोनिया जी सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह जी को प्रधानमंत्री के रूप में बिठाया था. उस समय केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80 हजार करोड़ रुपये दिए थे. 2014 के बाद दिल्ली में सरकार बदली, आपने अपने इस सेवक मोदी को सेवा करने का मौका दिया और बीते 10 साल में हमने झारखंड को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए.भाजपा चाहती थी कि गरीब को पक्का घर मिले, शहरों-गांवों में अच्छे रास्ते बनें, बिजली-पानी मिले, इलाज की सुविधा हो, पढ़ाई की सुविधा हो, सिंचाई के लिए पानी मिले, बुढ़ापे में दवाई मिले. लेकिन जेएमएम सरकार के पिछले 5 साल में आपके हक की ये सुविधाएं जेएमएम और कांग्रेस के लोगों ने लूट ली.अब आपने भाजपा-एनडीए सरकार बनाने का निर्णय कर लिया है. मैं आपसे वादा करता हूं कि सरकार बनने के बाद इन भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हम अदालत में पूरी लड़ाई लड़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने भुरकुंडा में चुनावी सभा को किया संबोधित

# हमारी सरकार बनी तो सभी महिलाओं को 2500 रुपए दिए जाएंगे : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा-उरीमारी :** रविवार को भुरकुंडा थाना मैदान स्थित बड़कागांव विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद के चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए झारखंड के मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को देखने के लिए और उनके भाषण को सुनने के लिए भुरकुंडा सहित बड़कागांव, केरेडारी, बरकाकाना,घुटूवा, पतरातु, सौदा डि, सौदा बस्ती, उरीमारी,सयाल आदि क्षेत्रों के हजारों लोग पहुंचें। वहीं गठबंधन प्रत्याशी कि जीत सुनिश्चित करने के लिए मंच पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,बड़कागांव के पुर्व विधायक योगेन्द्र साव, झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया आदि मौजूद थे।

सभा का संचालन संजय वर्मा ने किया। भुरकुंडा के मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वाले झारखंड के विकास में हमेशा बाधक बने रहे। विपक्ष के लोगों ने हमें षड्यंत्र रच कर जेल



भेज दिया। हमारे पिछे इडी सीबीआई जैसी जांच एजेंसी को छोड़ा गया। लेकिन झारखंड की जनता जानती है कि कोरोना काल में हमने बहुत बडी आहुति दी है। हमने कोरोना काल में अपने दो मंत्री हफिजुल हसन व जगरनाथ महतो का बलिदानी दी है।






प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सुरेश बैठा के पक्ष में रैयत विस्थापित मोर्चा ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस एवं महागठबंधन के कांके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेश बैठा के पक्ष में रैयत विस्थापित मोर्चा ने एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में खलारी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने मोहननगर, ओड़िया बैरक, चंदन धौड़ा, बर टोला एव टिकेतरी गांव में घर घर जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा झारखंड में महागठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता के लिए काफी काम किया है और कई जन कल्याण कारी योजनाएं चलाई थी। इसलिए इस बार भी झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेश बैठा को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजना होगा।इस मौके पर रामलखन गंझू, जगरनाथ महतो, इंदिरा देवी, नीलू देवी, फूलो देवी, रमेश चौहान, अखिलेश साव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा ने जितुचरण राम के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के द्वारा खलारी में टोली बनाकर कांके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ.जितुचरण राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खलारी क्षेत्र के मोहननगर, चुरी पश्चिमी, भूतनगर, बुकबुका, लपरा, अम्बा टोंगरी, होयर में जनसपंर्क अभियान चलाया गया। जनसपंर्क अभियान के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी जितुचरण राम के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु, अरविंद सिंह, भरत रजक, कार्तिक पांडेय, शत्रुंजय सिंह अशर्फी राम, रामबली चौहान, मिथलेश ठाकुर, हीरा दास माणिक पुरी, रामाशीष चौहान, राजेश्वर चौहान, बीरेंद्र चौहान, दिनेश चौहान, गुसेश्वर पासवान, जितेन्द्रनाथ पांडेय, सुबोध रजक, श्याम सुंदर सिंह, शशि प्रसाद, गौतम यादव, गमेश यादव, नीरा देवी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## खलारी सहित आसपास के क्षेत्रों में अक्षय नवमी पर आवंला वृक्ष का हुआ पूजन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**खलारी सहित आसपास के क्षेत्रों में कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी मनाया गया। खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में महिलाओं ने आवंला के वृक्ष का षोडशोपचार पूजन द्वारा पूरे विधि विधान से अक्षय नवमी पूजन किया। पूजा व आरती के बाद आंवला का वृक्ष की फेरी किया गया। इस मौके पर पुजारी यशवंत दुबे ने कथा सुनाया। पूजन के उपरांत भक्तों ने उसके छांव में भोजन प्रसाद ग्रहण करने की नियम को भी पूर्ण किया। पुजारी यशवंत दुबे ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में नवमी तिथि को आवंला के वृक्ष का पूजन करके फिर कुम्भाण्ड का दान दिया जाता है। बताया कि कुम्भाण्ड दान करने से करोड़ों जन्म का पाप नष्ट हो जाता है। ऐसी मान्यता है कि आंवला वृक्ष के नीचे भोजन करने से हमारे अनाज प्राप्त करने में जो पाप होता है उसका विनाश हो जाता है और अक्षय स्वर्ग की प्राप्ति होती है। उसके बाद भक्तजन भगवान जी के प्रसाद को भक्तिपूर्वक वृक्ष के आसपास ही बैठकर ग्रहण करने का विधान को पूर्ण किया। इस पूजन में चांदनी देवी, पुष्टि, पुलका देवी, कलावती देवी, विमल देवी, प्रिया देवी,सोनी देवी,रानी देवी,महेंद्र पटेल,आनंद कुमार, राधेश्याम, पिंटू पटेल,संगीता देवी,निर्मल देवी,आशा देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी ,बीना मिश्रा, आभा देवी, रीता देवी, रेखा देवी, अंजली देवी, किरण देवी, सीता देवी, सुषमा गुप्ता, लक्ष्मी देवी, शकुंतला देवी सहित अन्य लोग भी शामिल थे।

# खिजरी से राजेश कच्छप को विधानसभा में जीताकर भेजिये और फिर से हमारी गठबंधन सरकार बनायेगी : हेमन्त सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आज खिजरी विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन समर्पित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेश कच्छप के पक्ष में नामकुम प्रखण्ड के भुसूर मैदान, लालखटंगा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके घर के प्रत्याशी राजेश कच्छप को भारी मतों से विजय बनावें और फिर से हमारी गठबंधन सरकार बनायेंगे। आगे उन्होंने कहा कि आपके वर्तमान विधायक राजेश कच्छप जी को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, झारखण्ड के दिशूम गुरु शिबू सोरेन, लालू यादव ने आशिर्वाद मिला है। हमने बिजली का बिल 200 यूनिट माफ किया और 24 घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध कराया। हमारी



गठबंधन सरकार बनते ही देश में कोरोना काल आया और देश के प्रधानमंत्री ने बिना कोई सूचना दिये लाकडाउन लगा दिया। कोरोना काल में हमने हवाई चप्पल पहनने वाले को हवाई जहाज से घर लाने का काम किया।

देश के बीजेपी सरकार ने अचानक नोट बंदी कर देश बर्बाद कर दिया। इन्होंने गो-गो दीदी योजना लाया है। ये योजना कैसे देगा ना ये सरकार में है ना सरकार बनायेगी। इन्होंने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा कर रहा है। ये योजना कैसे देगा क्या इन्होंने अपने राज्य असम, गुजरात, बिहार में दे रहा है कहीं नहीं दे रहा है और झारखण्ड में देने का घोषणा कर चल रहा है। हमारे झारखण्ड में असम के मुख्यमंत्री घुम रहे हैं और हमारे चुनी हुई गठबंधन सरकार को गिराने का ठिक्का ले रखा है। मणिपुर में चिर हरण हो रही है लेकिन इनके प्रधानमंत्री चुप बैठे हुए हैं। ये लोग दलितों को मुंह में पेशाब करवाता है और बाद में शुद्ध करवाता है। हमने राज्य के महिलाओं को खुशहाली के लिए मंईया सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजना लाया कर दे रहे हैं। फिर से राजेश कच्छप को खिजरी विधानसभा से जीताकर भेजिए और फिर से हमारी सरकार बनायेंगे और एक-एक लाख रूपए देने का काम करेंगे। हमारी सरकार 1,000 से बढ़ाकर 2,500 देगी। खिजरी विधायक और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेश कच्छप ने कहा कि हमें हाथ छाप पर वोट देकर खिजरी का इतिहास दोहरायेंगे। आज इस चुनावी सभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, सतीश पंडा, नरेश भरद्वाज, झारखण्ड आन्दोलन कारी ललीत कुमार महतो, विजय टोप्पो, रमेश पाण्डेय, महादेव मुण्डा, माधो कच्छप, सिलाश टुटी, मेरी तिर्की, बिरू साहू, मंटू लाला, नन्हे कच्छप, चामु बेक, रंजन यादव, जीता कच्छप, अनु बेक, राजु कच्छप, नीतू देवी, अशफाक आलम, महादेव मुण्डा, संजय सारिया, धरमु नायक, कल्याण लिण्डा, रंजीत बडाईक, मंगरा कच्छप, अरुण गोप, नरेश कच्छप, सुकरा उरांव एवं हजारों के संख्या में उपस्थित थे।

## सोबा गांव में बायर कंपनी के द्वारा फसल प्रदर्शन दिवस का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिन शनिवार को सोबा शोबा गांव में बायर कंपनी के द्वारा अराइज धान 6555 ST का फसल प्रदर्शन दिवस आयोजन किया गया था जिसमें बायर कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर अफताब आलम सुपरवाइजर सुब्रतो क्रेरी फील्ड ऑफिसर संतोष गोप उपस्थित थे जिसमें अराइज 6555 ST धान का उत्पादन रोग और कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में 100 से अधिक सोबा के जाने-माने किसान उपस्थित थे जिसमें धिरजू महतो संदीप महतो राजू महतो तुलसी महतो उपस्थित थे 6555ST का उत्पादन देखकर पूरा गांव खुश है, केवल गांव हे नहीं पूरा भारतीय किसानों के लिए 6555ST की उपज बहुत ही अच्छा है, इस दौरान धान की पूरी फसल के दौरान कई चुनौतियाँ होती हैं।

## आजसू एक परिवार है, यहां सबको सम्मान के दृष्टि से देखा जाता है : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली आम बगान में विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा के ग्राम प्रभारी एवं पंचायत प्रभारियों के साथ चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक की। जिसमें सभी प्रभारियों को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिससे चुनाव की तैयारी शांति पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है



जिसमें कई पलटू राम दल बदलू नेता आपको उलझाने की कोशिश करेंगे अतः आपको ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। आजसू एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है जहां सभी को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है इसलिए कोई भी कार्यकर्ता या हमारे पदाधिकारीगण किसी से उलझे नहीं बल्कि, लोगों से संपर्क करें और पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छी रिजल्ट देने का काम करे। तैयारी ऐसा करें कि हमारे प्रतिद्वंदी हमारा तैयारी देखकर ही छुप जाए। इस मौके पर दूसरे दल के कई लोग आजसू पार्टी का दामन थामा जहां विधायक सुदेश महतो ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए और

## बागदेहरी मे सीपीआई का चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बागदेहरी :** नाला विधानसभा के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कनाई मालपहाड़िया ने रबिवार को मगाराम बाउरी के अध्यक्षता बागदेहरी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं कहा कि विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के लिए झामुमो व भाजपा ने बहुत सारे वादे किए थे। एकभी वादे नहीं करपाए सिर्फ लुभावन वादे किए थे,कनाई माल



पहड़िया ने कहा अगर नाला विधानसभा के जनता इस बार मौका दिया तो हम नाला विधानसभा के चेहरा ही बदल देंगे कियोकि हम एक गरीब हु और गरीब की दर्द हम महसूस कर सकते है मुझे नेता नहीं बनना है आपसभी का बेटा बनना चाहता हु जो हर सुःख दुःख मे आप सभी के साथ रह सकू लेकिन मुझे उमीद नहीं था जो इसबार हमें इतना जनता का साथ मिले गा जिस तरफ जा रहा हु हर तरफ पियार आशीर्वाद मिल रहा है हर तरफ से सहयोग भी मिल रहा है इस पियार को हम हमेशा इयाद रखेंगे ।

मौके पर गौर रवानी, बादल मंडल, परितोष घोष, ब्रज गोपाल घोष, हीरेन बावड़ी, संजय सिंह, लखीकांत मॉल, जयंत सिंह, अजीत घोष, और विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद थे।।

## भाजपा प्रत्याशी ने किया तुफानी दौरा

**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया तथा वहां के मतदाताओं से



मुलाकात कर चुनावी रणनीति तैयार किया एवं नाला विधानसभा के जानताही सभी वोटरों से अपील किया कि आगामी दिनांक 20/11/2024 को माधब चंद्र महतो के पक्ष में ईवीएम मशीन के आठ नंबर पर बटन दबाकर जीत सुनिश्चित करवाने की कृपा करे ,माधव चंद्र महतो ने कहा मैं आप लोगों के इस आशीर्वाद कभी नहीं भूलेंगे और सभी मुझे आशीर्वाद दे ताकि प्रतिनिधि के रूप में इस क्षेत्र का विकास कर सकूं।

## कुंडहित प्रखंड के पुराने कार्यकर्ता भाजपा छोड़ कर झामुमो का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंडहित :** लगातार नाला विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा पार्टी छोड़ कर झामुमो का दामन थाम रहे है इसी तहत कुंडहित प्रखंड क्षेत्र मे भाजपा के पुराने कार्यकर्ता अपने समर्थको के साथ भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा झामुमो प्रत्यशी रवींद्रनाथ महतो ने सभी को झामुमो का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलाई। मौके पर विधायक रविंद्र नाथ महतो ने। कहा भाजपा के छूठ बोलने का मशीन है जो पार्टी के पुराना नेता का नहीं हो सका ओ आप सभी का किया होगा भाजपा जो 18 वर्ष मे नहीं कर सका ओ झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंथ सोरेन ने उसे काफ़ी ज़ियादा कर के दिखाया भाजपा सिर्फ जात पात के पीछे पड़ा हुया है उसे विकास से कोई लेना देना नहीं विपक्ष मन मे सोच रहे रबिन्द्र नाथ महतो विकास किया है मुंह से नहीं बोल रहे है जनता तो सब देख रहे है छुपा हुया कुछ नहीं वोट लेने के लिए विपक्ष अधूरा विकास बोल रहे है हम आगे कहा की हम नेता नहीं सबसे पहले आपकी बेटा हु इस नाते आपसभी से कुछ मांगने आया हु और कहा जिन्होंने आपके लिए कुछ काम किया है उन्हे जरूर वोट डालें।

विधायक रबिन्द्र नाथ महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के योगदान के बारे में लोगों को अवगत कराया। कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आधी आबादी के लिए मईया सम्मान योजना चलाया। 18 वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए से बढ़ा कर दिसंबर से ढाई हजार मिलने की जानकारी दी। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, कृषि ऋेण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना,दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त योजना की जानकारी लोगों को दी।

# कर्रा नौरिंगा के पास ट्रेन से कटने से युवक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियागढ थाना क्षेत्र के नौरिंगा ग्राम के पास हटिया पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस से कटकर युवक कि मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जलंगा जम्हार में सप्ताहिक बजार था।ट्रेन के पटरी में अज्ञात युवक सोया हुआ था. 4ः15 बजे हटिया पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस पुरी ट्रेन गुजरी जिसके चपेट आने से युवक के शव तीन चार भागों में कट गया. जिससे शव की पहचान नहीं हो पाया साथ ही समाचार लिखे जाने तक युवक का सिर नहीं मिल पाया था. ट्रेन कुछ समय रूक कर आगे बढ गया. जरियागढ पुलिस एवं रेलवे पुलिस ने छत विक्षत शव ट्रेन लाईन गोविन्दपुर रोड रेलवे क्रोसिंग नौरिंगा ग्राम के पास से बिना सर के ही बरामद किया. युवक की सर कि खोजने के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।


### जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(जिला निर्वाचन)

**नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अधीन निषेधाज्ञा**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 15.10.2024 को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में विधानसभा आम चुनाव, 2024 के क्रम में सम्पूर्ण लोहरदगा जिलान्तर्गत लोक परिशान्ति कायम रखने के निमित मैं, डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण (भा०प्र०से0) जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त लोहरदगा नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (07.00 बजे पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक) के 48 घंटे पूर्व अर्थात् दिनांक 11.11.2024 के अपराह्न 05.00 बजे से 13.11.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू करता हूँ, तद्आलोक में ––––

- सम्पूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इक्टठा होना या एक साथ जत्था में आवागमन निषेध है, यह निषेधाज्ञा हाट या मेला में एकत्रित लोगो, मंदिर, मस्जिद या गिरजा घरो में उपासना करने के लिए आये लोगो पर और शव यात्रा में शामिल लोगों पर तथा विधानसभा आम चुनाव, 2024 के क्रम में door- to- door Campaigning पर प्रतिबंध नहीं होगा।
- सम्पूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, अग्नेयस्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा परन्तु यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारियों/कर्मचारियों/पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल नेपालियों एवं सिक्खों द्वारा पारम्परिक तरीके से धारण की जाने वाली खुखरी तथा कृपाण पर लागू नहीं होगा।
- सम्पूर्ण लोहरदगा जिला अन्तर्गत रात्रि 10 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्र बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा आयोजित किया जाना वर्जित है।
- मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के परिधि के अन्दर कोई प्राइवेट वाहन की अनुमति नहीं होगी, सिवाय आवश्यक सेवाओं अथवा निर्वाचन से सम्बद्ध वाहनों हेतु।
- सेलुलर फोन, इत्यादि का प्रयोग मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में नहीं किया जा सकेगा सिवाय, मतदान दलों व मतदान से सम्बद्ध कर्मियों के।
- मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में प्रचार संबंधी कोई Poster, Banner इत्यादि का प्रयोग नहीं होगा, सिवाय मतदान दलों के द्वारा उपयोग हेतु।
- सम्पूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135C के तहत् दिनांक 11.11.2024 के अपराहन 05.00 बजे से मतदान समाप्ति तक अर्थात् 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक मद्य निषेध (Dry day) लागू रहेगा। इसके अधीन किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी मादक लीकर या वैसे ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा।

जिला दण्डाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.340011 Lohardaga(24-25)


# जामताड़ा में 13 उम्मीदवारों में 5 मुस्लिम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** विधानसभा क्षेत्र झारखंड विधानसभा के 81 निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह झारखंड विधान सभा का निर्वाचन क्षेत्र संख्या 09 है। यह निर्वाचन क्षेत्र एक सामान्य सीट है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस इस निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य दल हैं। कांग्रेस के इरफान अंसारी यहां से विधायक हैं।झारखंड के जामताड़ा में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार जोरों पर है। इंडिया गठबंधन की तरफ से यहां से इरफान अंसारी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं तो एनडीए की तरफ से बीजेपी के टिकट पर सीता सोरेन चुनावी मैदान में हैं। यहां पर मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों गठबंधन के बीच देखा जा रहा है। हालांकि कुछ निर्दलीय भी चुनाव मैदान में हैं।




**जामताड़ा सीट पर 13 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव :** जामताड़ा सीट पर 13 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें बसपा के आरिफ अंसारी, झारखंड पीपुल्स पार्टी के अहमद हुसैन, कांग्रेस के इरफान अंसारी, सीपीआई(एम) के लखनलाल मंडल, बीजेपी की सीता सोरेन, हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी (डेमोक्रेटिक) के कुलदीप यादव, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से तरुण कुमार गुप्ता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से बालेश्वर मंडल शामिल हैं। निर्दलीय के तौर पर अकबर अंसारी, मुकेश मुर्मू, रियाद अहमद, शत्रुघ्न पंडित, सुजीत दास अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। जामताड़ा से पांच मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जोकि इरफान अंसारी का खेल खराब कर सकते हैं।

**जामताड़ा का चुनावी इतिहास :** साल 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के इरफान अंसारी यहां से चुनाव जीते थे। बीजेपी 74 हजार से ज्यादा वोट लेकर दूसरे नंबर पर थी। निर्दलीय तरुण कुमार गुप्ता 6219 वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। इरफान और तरुण एक बार फिर से चुनावी मैदान में हैं। 2014 के चुनाव में भी कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर इरफान अंसारी को जीत मिली थी। 2019 के चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार इरफान अंसारी ने 38,741 वोटों के अंतर से सीट जीती थी। उन्हें 53.11% वोट शेयर के साथ 1,12,829 वोट मिले थे। उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार बीरेंद्र मंडल को हराया, जिन्हें 74,088 वोट (34.87%) मिले थे।

2014 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार इरफान अंसारी ने सीट जीती थी। उन्हें 35.18% वोट शेयर के साथ 67,486 वोट मिले। बीजेपी उम्मीदवार बीरेंद्र मंडल को 58349 वोट (30.42%) मिले थे। अंसारी ने मंडल को 9137 वोटों (4.76%) के अंतर से हराया था। इस बार बीजेपी ने सीता सोरेन पर भरोसा जताया है जोकि जेएमएम से आई हैं। बता दें कि चुनावी प्रचार के दौरान इरफान अंसारी और सीता सोरेन के बीच विवाद काफी दिनों से सुर्खियों में है। मामला एफआईआर तक पहुंच गया। विवाद बढ़ने पर अंसारी ने माफी भी मांग ली। दोनों उम्मीदवारों के बीच इस पर नाक की लड़ाई है।

## रामकृष्ण तारक मठ में मां जगद्धात्री पूजा में उमड़े श्रद्धालु



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां के तलसाही स्थित राम कृष्ण तारक मठ में रविवार को मां जगद्धात्री की पूजा उत्साह के साथ की गयी। पुरोहितों द्वारा विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण कर मां जगद्धात्री की पूजा की। सुबह मठ में पूजा व मां के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पडी। इस दौरान हवन-पूजन भी किया गया। साथ ही मां जगद्धात्री से परिवार की सुख, शांति और समृद्धि का मन्नत मांगा. मां जगद्धात्री की पूजा के बाद आरती हुई। उसके बाद प्रसाद का वितरण के साथ भक्ति संगीत, भजन व प्रवचन सहित कई आध्यात्मिक कार्यक्रमो का दौर दिनभर चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने दिक्षा भी लिया। पूजा-अर्चना के दौरान स्थानीय लोगों के साथ साथ बड़ी संख्या में बंगाल से भी श्रद्धालु पहुंचे थे।

## यूसिल कॉलोनी में विराजमान प्रभु जगन्नाथ की होगी प्राण प्रतिष्ठा



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूसिल कॉलोनी में विराजमान प्रभु जगन्नाथ की जल्द होगी प्राण प्रतिष्ठा। इधर देर संध्या उड़ीसा पुरी धाम के बाबा दयता पति भवानी दास महापात्रा ने जादूगोड़ा यूसिल कॉलोनी शिव मंदिर में हजारों भक्तों के साथ प्रभु जगन्नाथ का दर्शन किया व प्रभु जगन्नाथ मंदिर के कायाकल्प को लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ अपना स्थान खुद तय कर लेते है। प्रभु जगन्नाथ जहां विराजवान है उसे देखने आए है। गौरतलब है कि घाटशिला एसडीओ के पहल पर जादूगोड़ा में प्रभु जगन्नाथ मंदिर की नई कमिटी का गठन किया गया। इस मौके पर उत्कल समाज की ओर से एसके सेठी, डॉक्टर पी के अधिकारी, एमके स्वेन समेत भारी संख्या ने उत्कल समाज के लोग उपस्थित थे।

## मानभूम कला संस्कृति छौ नृत्य प्रदर्शन करने को आठ कलाकार इंडोनेशिया रवाना



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला खरसवां जिला के कुकड़ु प्रखण्ड क्षेत्र के पारगामा पंचायत अंतर्गत चुनचुरिया स्थित गिरीधारी कला केंद्र के आठ कलाकार मानभूम छौ कला संस्कृति प्रदर्शन करने के लिए इंडोनेशिया रवाना हुए। उस्ताद गंभीर महतो ने बताया की हमारे लिए एक बहुत ही गौरभ का विषय है जो आज हमारे द्वारा प्रशिक्षण देकर आठ कलाकारों को विदेश ले जाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उनके पिता नारायण महतो 1987 में स्विट्जरलैंड,लन्दन आदि देश जा चुके है। और मुझे भी एक बार 2011 जेनेवा जाने का मौका मिला था। इस दल में मेरे पुत्र सुकदेव महतो और अनुज भ्राता रमेश महतो के साथ अन्य पांच कलाकार करम चांद महतो चुनचुरिया,विश्वनाथ महतो चुनचुरिया,लखीराम नायक सिल्ली,दीपक कुमार महतो जानूम,लखीकांत महतो कुशपुतुल शामिल है।

## पूर्वी सिंहभूम नाई समाज के अध्यक्ष ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** पूर्वी सिंहभूम नाई समाज के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के नेता सुरेंद्र शर्मा समेत बड़ी संख्या में नई समाज के पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू के एग्रिको स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में विधानसभा के प्रभारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद ने सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शामिल हुए सभी आगंतुक नव सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस दौरान सभी सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की गई। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम नाई समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में नाई समाज के हितों की लगातार अनदेखी हो रही थी। जरूरत के कई मौकों पर कांग्रेस नेताओं ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि लोगों ने उन्हें नाई समाज के उत्थान और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें अध्यक्ष चुना है।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम मेटियाला के नये मंदिर का उद्घाटन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर से सटे पश्चिम बंगाल के मेटियाला गांव स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में रविवार को जगद्धात्री माता की पूजा अर्चना के साथ ही नए मंदिर का उद्घाटन स्वामी नटराजानंद के द्वारा किया गया। मंदिर में मां शारदा, मां जगधात्री, रामकृष्ण परमहंस देव व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर लगाई गई है। उद्घाटन समारोह के पश्चात सैकड़ों लोगों के बीच खीर व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें झारखंड व पश्चिम बंगाल के विभिन्न गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में जमशेदपुर रामकृष्ण मिशन आश्रम के अध्यक्ष महाराज स्वामी अमृत रूपानंद, स्वामी नटराजानंद, स्वामी महाभावानंद, स्वामी इष्ट प्रेमानंद, रमानाथ महतो, विश्वनाथ महतो, दयामय बाउरी, हेम चंद्र महतो, श्यामकृष्ण महतो, रंजीत महाराज व विमल कुमार महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस संबंध में मिशन के सदस्य विश्वनाथ महतो ने बताया कि आश्रम की स्थापना 1982 में जमशेदपुर रामकृष्ण मिशन के महाराज स्वामी आदिनाथानन्द ने की थी। वर्तमान में इसका संचालन प्रवाजिका चिन्मयी पूरी के द्वारा किया जाता है।

## हेमंत सरकार ने मुसलमानों को किया निराश : बलियावी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य गुलाम रसूल बलयावी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की झारखंड सरकार ने अल्पसंख्यक वर्ग के जनकल्याण लिए कोई काम नहीं किया. दरअसल, इस सरकार से निराशा ही हाथ लगी है. यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कोल्हान के 10 लाख से अधिक अल्पसंख्यक मतदाताओं ने बड़े उमंग और उत्साह से पिछले बार झारखंड की इंडिया गठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) को वोट देकर सत्ता में बैठाया था, लेकिन सरकार ने निराश किया. अपने आप को माइनॉरिटी की हितैषी बताने वाली इंडिया गठबंधन ने पूरे कोल्हान की 14 में से एक सीट पर भी कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं दिया. बलयावी ने हेमंत सोरेन से पूछा कि 5 साल में मदरसा बोर्ड का गठन पर क्यों नहीं कर पाए? उर्दू अकादमी के गठन में उनके हाथ क्यों कांप रहे थे? मॉब लींचिंग के अपराधियों को सजा दिलाने में सरकार क्यों पीछे रही? उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास के मॉडल को देखें और सीखें. राजधर्म को निभाने का साहस शायद उनमें में लौट आएगा. बलयावी ने कहा कि उनकी गुजारिश है कि आम मतदाता वोट जाति, धर्म और मजहब के नाम पर न दें. जब भी वोट दें, अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रख कर दें.

### खरसावां में कल्पना सोरेन की सभा, विधायक दशरथ गागराई के पक्ष में मांगी वोट, कहा

# झामुमो ही कर सकती है आदिवासी मूलवासी का विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** हमारी सरकार गांव की सरकार है। विपक्षी पार्टी के लोग हमारे लोगों को बरगलाने आएंगे मगर आप सावधान रहिए और ऐसे लोगों के झांसे में नहीं आएं। भाजपा वाले आपको जात-पात की राजनीति में उलझाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने में लगे हैं । उनसे सावधान रहिये। खरसावां विधानसभा क्षेत्र के धातकीडीह फुटबॉल मैदान मे रविवार को कल्पना मुर्मू सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा। यहां उन्होंने खरसावां के झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई को वोट देने की अपील की। उन्होने कहा कि झारखंड की जनता का जवाब देने का समय आ गया है कि उन्हें समाज को तोड़ने वालों की सरकार चाहिए या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू,मुस्लिम,अगड़ा-पिछड़ा व जात-पात में उलझा कर लोगों का समर्थन हासिल कर राज करते रहें। हालांकि,यहां की जनता उनकी चाल समझ चुकी है। कल्पना सोरेन ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने यहां की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान से जोड़कर प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये भेजने का काम किया है। हेमंत सरकार ने गरीब असहाय लोगों का बिजली बिल माफ किया है। इसके अलावा दो लाख रुपये तक ऋण भी माफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ढाई साल में जितना कार्य किया है। भाजपा के 20 साल के शासन में भी नहीं हो पाया है।

**भाजपा को आदिवासी शब्द से नफरत है : गागराई**

खरसावां झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने कहा कि भाजपा को आदिवासी शब्द से नफरत है। आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। हेमंत सोरेन आदिवासियों के सम्मान,भाषा,संस्कृति व हमारे अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि इंडिया गठबंधन ने पांच साल में विकास की लकीरें खींची है।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सविता महतो का तूफानी दौरा, लोगों का मिल रहा अपार समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा कर लोगों से फिर एक बार आशीर्वाद देकर अधूरे विकास कार्यो को करने के लिए विधायक चुनने का अपील किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो को भी गिनाए । झामुमो प्रत्याशी सविता महतो ने गठबंधन की हेमंत सरकार के उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि 18 से 50 वर्ष के महिलाओं को मईया सम्मान योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है और चुनाव के बाद 2500 रूपए दिया जाएगा। बकाया बिजली बिल माफ कर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत देने का काम किया, वहीं कृषि ऋण के बोझ से दबे किसानों को कृषि ऋण माफ कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य हेमंत सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ने कम करके दिखाया। आज लोगों को भी खुलकर समर्थन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है और जीत निश्चित है।

## मेरा रिकार्ड है जो मैंने कहा वो किया, जनता साथ दे, मालिकाना समेत सभी समस्याओ को करेंगे हल : डॉ. अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से 25 वर्षो की कुशासन से लोगों को मुक्ति दिलाएंगे और जमशेदपुर को सुरक्षित एवं विकसित बनाएंगे. 2024 विधानसभा जमशेदपुर के लोगों के भविष्य तय करेगा. उन्होंने कहा कि रघुवर दास ने 25 वर्षो तक 86 वस्तियों के लोगों को मालिकाना के नाम पर ठगा, सत्ता के शिखर तक पहुंचकर भी लोगों को मालिकाना हक नहीं दिला पाया क्योंकि उनकी नियत ही नहीं थी मालिकाना दिलाने की. मुख्यमंत्री रहते एक भी पत्राचार नहीं किया रघुवर ने, अगर वो चाहते तो रास्ता तो निकल सकता था. डा. अजय ने कहा कि यदि जमशेदपुर की जनता ने समर्थन दिया तो विश्वास दिलाता हूं कि सरकार गठन के साथ ही पहली कैबिनेट की बैठक में मालिकाना हक के समाधान के लिए आयोग का गठन किया जाएगा. हमारी नियत साफ है. अभी तक मेरा रिकार्ड है जो मैंने कहा है वो किया है. बस्तियों में नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है उसमें सुधार करना मेरी प्राथमिकता है. शुद्ध पेयजल सभी बस्तियों में उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है. मैंने कई बस्तियों में जुस्कों से पानी का कनेक्शन भी दिलवाया है. कहा कि बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए सीबीएससीई आधारित सीएम मॉडल स्कूल खुलवाएंगे, साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी. मेडिकल कैंप के साथ ही मोहल्ला क्लीनिक शुरू की जाएगी. रिम्स की तरह ही एमजीएम में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा. और बड़ा कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ मिलकर जमशेदपुर में रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे.

## जिले के 6 विस के लिए 1913 बूथ, 100 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षकों एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर का अंतिम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने माइक्रो ऑब्जर्वर के रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला में छह विधानसभा क्षेत्र के लिए 1913 बूथ बनाए गए हैं । जिले के मतदाता 13 नवंबर को मतदान करेंगे। वहीं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबल बूथ की निगरानी के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन करते हुए पोलिंग बूथ अलॉट किया गया है । इसमें बहरागोड़ा में 3 रिजर्व सहित कुल 9, घाटशिला में 4 रिजर्व सहित 24, पोटका में 3 रिजर्व सहित 16, जुगसलाई में 3 रिजर्व सहित 12, जमशेदपुर पूर्व में 3 रिजर्व सहित 14, जमशेदपुर पश्चिम में 4 रिजर्व सहित 25 माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। सभी विधानसभा में कुल 100 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है ।

## बिरसानगर में कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिरसानगर जोन नंबर 6 और बाबा विश्वनाथ मंदिर सुगना कॉलोनी जोन नंबर 8 बिरसानगर में विशेष आयोजन के तहत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने कहा कि नए लोगों के जुड़ने से भाजपा की ताकत बढ़ेगी और सबके सहयोग से भाजपा बिरसानगर क्षेत्र के विकास में नई गति लाएगी। कार्यक्रम में बिरसानगर मंडल के अध्यक्ष बबलू गोप, जोन नबंर 6 की प्रतिनिधि रंजना जेना, सुनील प्रसाद, सुस्मित सरकार, गुड़िया साहू, पुष्पलता, सुस्मित्र साहू, बलजिंदर कौर जैसे प्रमुख नेता शामिल हुए।

## जेएलकेएम प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने जुगसलाई शहरी क्षेत्र में मांगे वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के जुगसलाई से प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने रविवार को शहरी क्षेत्र का दौरा करते हुए कैंची छाप पर वोट देने की अपील की। इस संबंध में विनोद स्वांसी ने बताया कि मकदमपुर, जुगसलाई शहरी, बामनगोड़ा, सोपोडेरा, सारजामदा व परसुडीह क्षेत्र में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता गणपति करुआ व बहादुर सहिस के साथ पदयात्रा करते हुए लोगों से समर्थन करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी खतियानी वोटरों में टाइगर जयराम महतो की लहर है और विकास के नाम पर लोगों से भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे राज्य के लोग बदलाव चाहते हैं और जयराम महतो को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। इसके अलावा पटमदा, बोड़ाम व जमशेदपुर प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्रों में रविवार को अलग-अलग टीम बनाकर कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और कैंची छाप पर बटन दबाने की अपील की गई। इस संबंध में जेएलकेएम नेता सुब्रत कुमार महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने प्रखंड को नेतृत्व देकर हर पंचायत, हर गांव में पदयात्रा के माध्यम से धुआंधार प्रचार प्रसार किया। इसमें विधानसभा सह प्रभारी बहादुर सहिस, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चन्द्र महतो, जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार महतो, जमशेदपुर प्रखंड सचिव संजित महतो, जिला प्रवक्ता फनी महतो, जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु महतो, जिला महामंत्री अजित महतो एवं हर पंचायत में अपने- अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रचार अभियान चलाया गया।

## डॉ अजय कुमार के समर्थन में प्लेकार्ड अभियान ने जमशेदपुर के प्रमुख बाजारों में लोगों को जोड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डॉ अजय कुमार के समर्थन में आयोजित प्लेकार्ड अभियान ने जमशेदपुर के दस प्रमुख बाजार क्षेत्रों में भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। इस अभियान का उद्देश्य व्यस्त बाजारों में सीधे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें डॉक्टर कुमार को वोट देने के लिए प्रेरित करना था। यह अभियान साकची के संजय मार्केट, भालुबासा चौक, बिरसानगर संडे मार्केट, टेल्को खरानगाझ खरंगाझार मार्केट, गोलमुरी मार्केट, बर्मामाइंस मार्केट साकची गोलचक्कर, भुईयाडीह बाजार की सब्जी मार्केट, जेमको बस स्टैंड और मनीफिट मार्केट जैसे प्रमुख स्थलों पर आयोजित किया गया। इन सभी स्थानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई, जिसने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ अभियानकर्ताओं ने डॉक्टर अजय कुमार की प्रमुख उपलब्धियों और आगामी चुनावों में उन्हें वोट देने के महत्व को उजागर किया। जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ा, बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए, जिससे उनके समर्थन का संदेश और भी सशक्त रूप में सामने आया। यक्तिगत अपील के साथ-साथ, अभियानकर्ताओं ने पर्चे भी बांटे, सवालों का जवाब दिया और बाजारों में उपस्थित लोगों से बातचीत की, उन्हें डॉक्टर अजय कुमार के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस प्लेकार्ड अभियान के माध्यम से डॉक्टर अजय कुमार के समर्थकों ने न केवल उनके प्रति जनता की लोकप्रियता को प्रदर्शित किया, बल्कि स्थानीय आबादी को भी सशक्त रूप से जागरूक किया और उनके दृष्टिकोण को सीधे लोगों तक पहुँचाया।

## कहीं हाथ जोड़े, तो कहीं लोगों ने लगाया गले अपने बीच डॉ अजय को पाकर लोग दिखे उत्साहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय ने रविवार को भुईयाडीह, सिदगोड़ा, भालूबासा, साकची, बाराद्वारी में जनसम्पर्क अभियान चलाया. कहीं हाथ जोड़े तो कहीं लोगों ने अजय को गले लगाया. डॉ अजय को अपने बीच पाकर लोग उत्साहित थे. ढ़ोल नगाड़ों के साथ लगातार अजय कुमार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे. पूरा माहौल जैसे कांग्रेसमय हो गया था. जिस सादगी और बेबाकी से अजय कुमार लोगों से बात कर रहे है, उनके सवालों का जवाब दे रहे है. वो कहीं ना कहीं लोगों को बहुत पसंद आ रहा है. मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप मालिकाना हक चाहते है तो मुझे एक मौका दीजिए आपको निराश नहीं करुंगा. 25 वर्षों जिन आपने भरोसा किया उन्होंने आपको केवल ठगा है. इसलिए निर्णय आपको करना है कि आप एक बार फिर ठगा जाना पसंद करेंगे या मालिकाना हक के लिए एक ईमानदार और काम करने वाले व्यक्ति को चुनेंगे.

## आज से अन्तर्राज्यीय व अंतर जिला सीमायें होंगी सील : डीईओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी छ निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 13.11.2024 को निर्धारित है । भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत एसओपी फिर लास्ट 72 ऑवर्स के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा मतदान की तिथि से 72 घंटा पूर्व विधि-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए गए हैं जिसमें असामाजिक और विघटनकारी तत्वों का जिला की सीमा में प्रवेश को रोकने के लिए पी-3 दिवस से अन्तराज्यीय सीमायें / अंतर जिला सीमायें सील रहेंगी। पी-2 दिवस (48 घंटा पूर्व) कल्याण मण्डप, मैरिज हॉल, और अतिथिगृहों और धर्मशालाओं के सम्मेलनों की निगरानी रखी जायगी साथ ही होटल, हॉस्टल / लॉज आदि का सघन जाँच किया जायगा, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इनका उपयोग राजनीतिक दलों या अभ्यार्थियों द्वारा किसी भी तरह से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नहीं किया जाय। मतदान के दिन अभ्यर्थियों के लिए एक वाहन, निर्वाचन अभिकर्ता के लिए एक वाहन और अभ्यर्थी के कार्यकत्ताओं / दलीय कार्यकत्ताओं के लिए एक वाहन की ही अनुमति रहेगी। मतदान के दिन बूथों पर जाने के लिए निजी वाहनों को मतदान केन्द्र के 200 मीटर की दूरी के भीतर अनुमति नहीं होगी। मतदान दिवस के दौरान मतदान केन्द्र के 100 मीटर में कर्त्तव्यरूढ़ अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य को सेलुलर फोन, मोबाईल, बेतार दूरभाष आदि पूर्ण वर्जित रहेगा।

## आम लोगों के साथ कर्मचारियों का भी समर्थन देख, डॉ अजय से घबरा गई भाजपा : बबलू झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी अपनी हार की डर से कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उनको बदनाम करने का प्रयास कर रही है. दरअसल रघुवर दास के दामन पर भ्रष्टाचार और लोगों को ठगने का दाग है और यह आरोप स्वंय उनके मंत्रीमंडल के तत्कालीन मंत्री सरयू राय ने लगाया था. चाहे वो मैनहर्ट का मामला हो या टॉफी और टीशर्ट घोटाला से संबंधित मामला हो। सरयू राय ने बकायदा प्रेस कॉफ्रेंस कर सबूत भी पेश किए थे. वहीं डा. अजय कुमार की छवि बेदाग है. उन्होंने हमेशा ईमानदारी से काम किया है. जहां तक टाटा मोटर्स की बात है तो रघुवर दास ने अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी कराने का वादा किया था लेकिन अपने कुछ चहेतों को नौकरी दिलवाकर अन्य अस्थायी कर्मचारियों के साथ अन्याय किया. वहीं डा. अजय कुमार ने जो भी किया था वो यूनियन के सहमति से किया था. उन्होंने नियमों में सुधार कर अस्थायी कर्मचारियों को क्वाटर एलॉट कराने की शुरुआत की. कैंटिन कर्मचारियों को बेहतर भोजन सुविधा उपलब्ध कराए थे. डा. अजय को आम लोगों के साथ ही कर्मचारियों का भी समर्थन मिल रहा है जिससे बीजेपी घबरा गई है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## फेस्टिवल में चल गईं बसें

**घाटे** का हिमाचल पथ परिवहन निगम फेस्टिवल सीजन में कुछ आर्थिक सांसें लेने में कामयाब रहा, तो इसके मायने गंभीरता से समझने होंगे। सरकारी बसें अगर अक्तूबर में 76 करोड़ कमा सकती हैं, तो अन्य महीनों में कमर क्यों टूट रही है। दरअसल निगम अगर हिमाचली परिवहन की मांग को समझे तथा इसी के अनुरूप चले तो कमाने की व्यवस्था बन सकती है, लेकिन जिस ढर्रे और बुनियाद पर एचआरटीसी अपनी प्राथमिकताएं तय करती है, वहां घाटे के बिखराव में सारी मेहनत बेकार हो रही है। एक बस के ऊपर औसतन जितना स्टाफ व अधिकारी नियुक्त हैं, उसे देखते हुए कोई आदर्श स्थापित करना मुश्किल है। जाहिर है अक्तूबर में अंतरराज्यीय रूटों पर सरकारी बसों ने ज्यादा यात्री ढोए, लेकिन इस सेवा का पूर्ण विकल्प होता, तो कहानी गौण हो जाती। यह इसलिए कि लंबे रूटों पर भी सरकारी बसों का हुलिया बिगड़ा हुआ है। अक्तूबर की कमाई में दूर बैठे हिमाचली की उम्मीदें हैं या लौटने के रास्ते यूं भी कट जाते हैं। हर सप्ताहांत निजी छोटे वाहनों की शेयरिंग कैपेस्टी में, उपलब्ध ऐप कितनी मंजिलें उपलब्ध करा रही है, यह आधुनिक परिवहन का एक सशक्त विकल्प है। रोज निजी वोल्वो पर सवार होता हिमाचल अपने साथ पर्यटन और पर्यटक को जोड़ लेता है। इसलिए अगर अक्तूबर महीना एचआरटीसी को आशाजनक रहा, तो परिवहन की आशा हर दिन प्राइवेट बसों में क्यों बैठती है। अक्तूबर माह विभिन्न प्रदेशों को दौड़ी निजी बसों की कमाई और शुमारी ने खुद को पहली पसंद बनाए रखा तो जाहिर तौर पर, उस हिसाब में परिवहन की क्षमता का लेखा-जोखा भी तो होना चाहिए। प्रमुख पर्यटक स्थलों से निकली वोल्वो बसों ने इस बार भी दिल्ली लूटी है, तो इस प्रतिस्पर्धा में आंसू पौंछ कर कुछ नहीं मिलेगा। खास तौर पर वोल्वो बसों की सरकारी सेवा में हारतीं सीटें, सरकारी बर्ताव, रखरखाव और यात्री सुविधाओं की कमजोरी दिखाई देती है। बेशक एचआरटीसी आम हिमाचली की गाड़ी है, लेकिन पर्यटन की बढ़ती क्षमता में सरकारी बसों की हिस्सेदारी क्यों घट रही है, इसके ऊपर विचार करना होगा। अगर एचपीटीडीसी और एचआरटीसी हाथ मिलाएं तथा दोनों की क्षमता को जोड़ते हुए साझी मार्किटिंग का हुनर दिखाएं, तो पर्यटन के हर पहलू में दोनों का आर्थिक उजाला होगा। मसलन एचआरटीसी के ट्रैवल पैकेज में दिन का भ्रमण अगर परिवहन निगम सुनिश्चित करते हुए रात्रि विश्राम सरकारी होटल में कराए, तो इस युगलबंदी को छूने के लिए निजी क्षेत्र को भी मेहनत करनी होगी। एचआरटीसी के पास तमाम बस स्टैंड कल के मॉल, महापार्किंग स्थल और पर्यटन केंद्र बन सकते हैं, बशर्ते संपत्तियों के इस्तेमाल का नजरिया बदले। एचआरटीसी अपने तौर पर प्रदेश में भोजनालय श्रृंखला खड़ी करके यात्री और यात्रा के बीच एक अनूठा सामंजस्य पैदा कर सकती है। इसी तरह अंतरराज्यीय मार्गों पर अगर यात्री सुविधाएं प्रदान करने की मिलकीयत में एचआरटीसी निवेश करे, तो सरकारी बसों के साथ भरोसा बढ़ेगा। एचआरटीसी की सफलता के मानक अलग नहीं हो सकते और न ही निजी ट्रांसपोर्ट को देखे बिना यह आगे बढ़ पाएगी। प्रदेश के समूचे परिवहन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर परिवहन निगम का नेतृत्व करने के लिए जनता का विश्वास, नवाचार, ऊर्जा, यात्री संवेदना और व्यापारिक उद्देश्य अर्जित करने पड़ेंगे।


फेस्टिवल सीजन में कुछ आर्थिक सांसें लेने में कामयाब रहा, तो इसके मायने गंभीरता से समझने होंगे। सरकारी बसें अगर अक्तूबर में 76 करोड़ कमा सकती हैं, तो अन्य महीनों में कमर क्यों टूट रही है। दरअसल निगम अगर हिमाचली परिवहन की मांग को समझे तथा इसी के अनुरूप चले तो कमाने की व्यवस्था बन सकती है, लेकिन जिस ढर्रे और बुनियाद पर एचआरटीसी अपनी प्राथमिकताएं तय करती है, वहां घाटे के बिखराव में सारी मेहनत बेकार हो रही है। एक बस के ऊपर औसतन जितना स्टाफ व अधिकारी नियुक्त हैं, उसे देखते हुए कोई आदर्श स्थापित करना मुश्किल है। जाहिर है अक्तूबर में अंतरराज्यीय रूटों पर सरकारी बसों ने ज्यादा यात्री ढोए, लेकिन इस सेवा का पूर्ण विकल्प होता, तो कहानी गौण हो जाती। यह इसलिए कि लंबे रूटों पर भी सरकारी बसों का हुलिया बिगड़ा हुआ है। अक्तूबर की कमाई में दूर बैठे हिमाचली की उम्मीदें हैं या लौटने के रास्ते यूं भी कट जाते हैं। हर सप्ताहांत निजी छोटे वाहनों की शेयरिंग कैपेस्टी में, उपलब्ध ऐप कितनी मंजिलें उपलब्ध करा रही है, यह आधुनिक परिवहन का एक सशक्त विकल्प है। रोज निजी वोल्वो पर सवार होता हिमाचल अपने साथ पर्यटन और पर्यटक को जोड़ लेता है।


### सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही

## बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या

प्रियंका सौरभ


अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है


**महामारी** के बाद भारत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफ़ी बढ़ गया है, उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से सम्बंधित है। स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40% की कमी को दर्शाया गया है। स्क्रीन पर ज़्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज़्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15% की वृद्धि पाई। तेज़ गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया



गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60% बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था। सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, खासकर किशोरों में, अवास्तविक तुलना और साइबरबुलिंग के कारण। भारतीय किशोर अत्यधिक सोशल मीडिया एक्सपोजर से आत्म-सम्मान सम्बंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि वे तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएँ तय करें। यहाँ एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत में पदार्थों के समान ही तंत्र होता है, जो डोपामाइन में समान वृद्धि पैदा करता है। स्क्रीन के उपयोग में लगातार वृद्धि के साथ, मस्तिष्क के सर्किट अनुकूल हो जाते हैं और डोपामाइन के प्रति कम संवेदनशील हो जाते हैं। नतीजतन, आप जो देखते हैं वह समान आनंद का अनुभव करने के लिए अधिक उपभोग करने की बढ़ती आवश्यकता है। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि लत एक विकल्प या नैतिक समस्या है। सच्चाई इससे ज़्यादा दूर हो ही नहीं सकती। एक निश्चित बिंदु के बाद, लत एक जैविक समस्या बन जाती है जिसका शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। माता-पिता के लिए हस्तक्षेप करने, सही व्यवहार का मॉडल बनाने और अपने बच्चों को जीवन कौशल के रूप में स्क्रीन प्रबंधन सिखाने की स्पष्ट आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए उपकरणों से लैस करें। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने माता-पिता के लिए डिजिटल प्रबंधन पर कार्यशालाओं की सिफ़ारिश की है। कम उम्र से ही स्क्रीन का जिम्मेदाराना उपयोग सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल वेलबीइंग को शामिल करें। दिल्ली सरकार ने चुनिंदा स्कूलों में डिजिटल साक्षरता सत्र शुरू किए हैं। आयु के आधार पर आधिकारिक स्क्रीन टाइम दिशा-निर्देश विकसित करें और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उनका प्रचार करें। WHO दिशा-निर्देश विकासात्मक चरणों के आधार पर स्क्रीन टाइम प्रतिबंधों का सुझाव देते हैं। स्वस्थ सामाजिक संपर्क के साथ डिजिटल उपभोग को संतुलित करने के लिए बाहरी और समूह गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। खेलो इंडिया पहल बच्चों में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, जिससे स्क्रीन टाइम में अप्रत्यक्ष रूप से कमी आती है। स्कूलों और समुदायों में तकनीक-मुक्त क्षेत्रों और डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों के विकास को प्रोत्साहित करें। कुछ स्कूलों ने बच्चों को गैर-डिजिटल गतिविधियों में शामिल होने में मदद करने के लिए "स्क्रीन-फ्री डेज़" शुरू किए हैं। स्क्रीन टाइम के प्रभावी प्रबंधन के लिए परिवारों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं को शामिल करते हुए बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अगली पीढ़ी के समग्र विकास के लिए संतुलित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण होगा, जिससे एक लचीले और समग्र समाज का निर्माण होगा। स्क्रीन की लत एक वास्तविक समस्या है जो महामारी के कारण और भी बढ़ गई है और वयस्कों और बच्चों दोनों को प्रभावित कर रही है। माता-पिता को अपने बच्चे के स्क्रीन उपयोग के पैटर्न के प्रति सतर्क, सक्रिय और संलग्न रहने की आवश्यकता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की खोज करना और अपने बच्चे की दुनिया के बारे में जानकारी रखना आपको अपनी आशंकाओं के बारे में उनसे बात करने के लिए बेहतर भाषा दे सकता है।

दृष्टि कोण

## जड़ भी चेतन है...

**विज्ञान** ने सिद्ध कर दिया है कि इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन की शक्ति के बिना किसी भी वस्तु का निर्माण संभव नहीं है। थोड़ा और आगे बढ़ें तो हम पाते हैं कि प्रोटोन के बिना कोई भी वस्तु रूप-रंग, आकार-प्रकार धारण नहीं कर सकती, भौतिक रूप से प्रकट ही नहीं हो सकती। हम जानते हैं कि प्रत्येक वस्तु और प्राणी की तीन अवस्थाएं हैं : निर्माण, स्थिति और विनाश। स्थिति में परिवर्तन होता है। यदि परिवर्तन न हो तो उसका विनाश संभव नहीं। यदि विध्वंस न हो तो आविर्भूत वस्तु में परिवर्तन नहीं हो सकता, रूपांतरण भी नहीं हो सकता। भौतिक रूप में प्रकट होते ही हम परिवर्तित होने लगते हैं, हम में रूपांतरण होने लगता है और हम नाश की ओर बढने लगते हैं। परिवर्तन महत्वपूर्ण है। यदि कोई भी एक स्थिति बराबर बनी रहेगी और उसमें परिवर्तन नहीं होगा तो प्रकृति में विकृति उत्पन्न हो जाएगी, सृष्टि की मर्यादा भंग होने लगेगी। विकृति उत्पन्न न हो और सृष्टि की मर्यादा भी न भंग हो, इसके लिए परिवर्तन और विध्वंस आवश्यक है। अस्तित्व अपने आपको तीन रूपों में अभिव्यक्त कर रहा है। अस्तित्व की अभिव्यक्ति इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के योग से है। इस ब्रह्मांड की हर वस्तु, हर प्राणी और खुद हम भी अगर इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के योग से ही बने हैं तो फिर फर्क कहां है? और अगर फर्क है ही नहीं तो किसी भी वस्तु या प्राणी से उपेक्षा कैसे हो सकती है, नफरत कैसे हो सकती है? यही कारण है कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोडक़र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं, और व्यक्ति से ही नहीं, हर वस्तु से प्रेम करने लगते हैं, हर जड़-चेतन जीवन का सम्मान करने लगते हैं, बिना कारण, बिना लालच, बिना किसी डर के। यह जीवनशैली अपना लें तो मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। जब हम प्रेममय हो जाते हैं तो शिकायतें खत्म हो जाती हैं, किसी बात का गिला नहीं रह जाता, क्रोध नहीं रह जाता, पछतावा नहीं रह जाता, इन सब की जगह कृतज्ञता का भाव आ जाता है, समर्पण का भाव आ जाता है, सेवा का भाव आ जाता है। इस तरह हम अध्यात्म की कई सीढियां चढ़ जाते हैं। हम आध्यात्मिक होते हैं तो ब्रह्मांड से जुड़ जाते हैं, परमात्मा से जुड़ जाते हैं। हम अगर जड़ और चेतन की बात करें तो एक आधारभूत बात को समझे बिना हम सत्य तक नहीं पहुंच सकते। इस सृष्टि में हम मानवों के अलावा पशु-पक्षी, कीट-पतंग, जलचर जीव, पेड़-पौधे आदि भी हैं और हम सब इन्हें 'जीवित प्राणी' मानते हैं, पेड़-पौधों तक को हम जीवित मानते और जानते हैं। अब जरा आगे सोचिए। एक पेड़ तो जीवित है, लेकिन अगर हमने उसकी कोई शाख काट ली, तो हमारी नजरों में वह जीवित पेड़ के बजाय मृत लकड़ी बन गई। पेड़ पर थी, तो जीवित थी, पेड़ से कट कर लकड़ी रह गई तो मृत हो गई। हम ऐसा ही मानते हैं, और इस तथ्य के बावजूद मानते हैं कि कोई भी पदार्थ इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के बिना बन ही नहीं सकता। इस ब्रह्मांड में हमें दिखने वाली हर चीज, जीवित या मृत, इन तीनों में से कम से कम किसी एक का रूप है या वह इनके संयोग से बनी है। विज्ञान हमें यह भी बताता है कि हर अणु अंततः 'ऊर्जा' ही है, एनर्जी ही है। यह ऊर्जा सदैव गतिमान है। पत्थर हो, लकड़ी हो, मिट्टी हो, सब में ऊर्जा है और यह ऊर्जा सदैव गतिमान है, सदैव गति में है। माइक्रोस्कोप की सहायता से हम इन अणुओं की गति देख सकते हैं। अगर पत्थर में, लकड़ी में, मिट्टी में अणु हैं तो उनमें गति है, यानी, जीवन है, यानी, जड़ भी असल में जड़ नहीं है, 'चेतन' है। यही कारण है कि 'सहज संन्यास मिशन' बार-बार इस बात पर जोर देता है कि चूंकि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु, हर प्राणी और खुद हम भी इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के योग से ही बने हैं तो फिर कहीं भी कोई भी फर्क नहीं है, और अगर फर्क है ही नहीं तो किसी भी वस्तु या प्राणी से उपेक्षा कैसे हो सकती है, नफरत कैसे हो सकती है? भेदभाव खत्म, नफरत खत्म, ऊंच-नीच की भावना खत्म तो हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोडक़र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं, और व्यक्ति से ही नहीं, हर वस्तु से प्रेम करने लगते हैं, हर जड़-चेतन जीवन का सम्मान करने लगते हैं, बिना कारण, बिना लालच, निरुद्देश्य। यह प्रेम वैसा ही है जैसा एक मां अपने बच्चों से करती है, उनकी कमियों, गलतियों और अपराधों के बावजूद निश्छल प्रेम – ममतामयी दयालुता, लविंग काइंडनेस। सहज संन्यास मिशन के अनुगामी के रूप में हम सबका मानना है कि दुनिया माया नहीं है, जीवन सपना नहीं है। हम जीवित हैं, हमें एक शरीर मिला है और हम इस दुनिया में हैं, तो यह भी एक सच है, और इसे झुठलाया नहीं जाना चाहिए। दुनिया में रहकर दुनिया वालों से प्रेम करना, उनकी सेवा करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। आध्यात्मिकता का अर्थ है कि हम सबके प्रति दया का भाव रखें, प्रेम का भाव रखें, जहां तक संभव हो, निस्वार्थ भाव से सहायता करें। हम खुद को बदलें, हमारे अंदर के परिवर्तन से ही सब कुछ बदलेगा। हमारा नजरिया बदलेगा तो हम बदलेंगे। हम बदलेंगे तो परिवार बदलेगा, समाज बदलेगा, देश बदलेगा, दुनिया बदलेगी। जब तक हम खुद नहीं बदलेंगी, हमारी दुनिया नहीं बदलेगी। हमारे संपर्क में आने वाले लोग हमारी दुनिया हैं। हम बदल जाएंगे तो शायद हम उन लोगों में बदलाव ला सकेंगे जो हमारे संपर्क में आते हैं। हम ही नहीं बदले तो बाकी सब बदल भी जाए तो भी हमारे लिए वह बदलाव अर्थहीन ही रहेगा। मार्केटिंग के इस युग में आध्यात्मिकता भी बिक रही है।

कुछ अलग

## नए मौसम का नया मिजाज

**कल** जो हमारे कातिल थे, आज हमारे साथ हुए अपराधों की सजा सुनाने के लिए न्याय का हथौड़ा पीट रहे हैं। उनकी आंखों का रंग बदल गया है। कल तक उनसे खून बरस रहा था, वे रक्तवर्णी हो रही थीं, आज उनसे शांति के पैगाम आ रहे हैं, मानवधर्मी सफेद पताकाएं फहरा रही हैं। शांति कपोतों का मोल बढ़ गया। अपने दोनों हाथों से उन्हें किसी मंच से उड़ाओगे, तो उस मंच की अभ्यर्थना कर रही हजारों की भीड़ गदगद हो जाएगी। लोग लिबास बदलने की तरह अपने मूल्य और आदर्श बदल रहे हैं। इनसानों की बस्तियां जलाने वाले लोग अब फायर ब्रिगेड के जांबाज कर्मचारी बन आग पर पानी की बौछार करते नजर आते हैं। अरे यही तो थे जो कल इस जलती हुई आग पर तेल डालने का काम कर रहे थे, और इसे अपना पुण्य कर्म बता रहे थे। अमानवीयता का सैलाब गुजर गया। पीछे घोंघे, पत्थर, कूड़ा-कर्कट ही नहीं छोड़ गया, कुछ सरकटी लाशें भी छोड़ गया। अजब मंजर था वह। लोग तिरंगे फहरा कर, भारत माता की जय चिल्लाते हुए एक-दूसरे की पीठ में छुरे घोंप रहे थे। अब जब मुखौटा बदलने का वक्त आया तो लोग एक-दूसरे की पीठ थपथपा कर घायलों के जख्मों पर मरहम लगाते देखे जा रहे हैं। दंगों का सैलाब गुजर गया, अब सम्मान पत्र बांटने वाले, या अपना अभिनंदन स्वयं ही करवा लेने वाले सामने आ रहे हैं, कि देखो बंधु, हमने दंगों की इस पीड़ा को अपने बदन पर नहीं, बल्कि अपनी आत्मा पर झेला है। इसीलिए तो फसाद और खून के उन दिनों में हमने घिरे हुए अभागों की भूख-प्यास की सुध ली। उनके अटूट लंगर की कड़ी को टूटने नहीं दिया। हम उन्हें अपनी पीठ थपथपाते हुए देखते रहे कि हां, उत्पाती दिनों में इन लोगों ने दस रुपए की पानी की बाल्टी बीस रुपए में बेची है। वे मुंह मांगी कीमत प्राप्त कर सके, इसके लिए यह भी हो सकता है कि उन अशांत दिनों में उन्होंने पानी की आपूर्ति खुद ही बाधित कर दी हो। अब कारवां गुजर जाने के बाद उसके गुब्बार को पछाडऩे के लिए, जल आपूर्ति से लेकर भूख आपूर्ति तक करते हुए अब समय सारथी बन हर तरह की प्रवंचना से जूझ जाने का संदेश दे रहे हैं। एक चेहरे पर समयानुसार दूसरा चेहरा लगा लेना, और अपनी पीठ खुद ही थपथपा अपने आपको क्रांतिवीर घोषित कर देने का यह उद्घोष हम हर क्षेत्र और हर समय में देखते-सुनते आ रहे हैं। इन दिनों इसका रिवाज कुछ अधिक हो गया है, क्योंकि सुना है जो असल हकदार थे, वे तो इस पहचान और अभ्यर्थना के मेले में लुट गए साहिब, और तमाशबीन दुकानें सजा कर बैठ गए, जहां आपके लिए पुरस्कार से लेकर सम्मान पत्र तक सब नीलाम हो रहे हैं। आधी रात को 'खून का बदला खून' चिल्लाने वाले शूरवीर सुबह होते ही सूरजमुखी बन कर शांति का सूरज उगा देने के पैरोकार बन गए, क्योंकि यह बात तो उनके बड़े-बूढ़े पहले ही बता गए थे, कि बरखुरदार गंगा जाओ तो गंगाराम बन जाओ, और जमना जाओ तो जमना दास बनने की घोषणा कर दो। कालांतर में यह समझ उन्हें दलबदलू बनने की प्रेरणा देती है। अपनी टोपी बदल कर वे कभी शर्मिंदा न हुए, बल्कि इसे आत्मावलोकन कह अपनी समझ का नया पड़ाव हमें समझा इसे न्यायसंगत ठहरा गए। आजकल दलबदलू कानून भी उनका अवरोध नहीं कर पाते। गठजोड़ संस्कृति आ गई है। लोग एक-दूसरे के विरुद्ध कीचड़ उछालते हुए चुनाव लड़ते हैं, बाद में सत्ता पर कब्जा जताने के लिए एक-दूसरे के साथ गठजोड़ करते हुए उन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं होती।

देश दुनीया से

## महंगे सोने-चांदी से सांसत में उपभोक्ता

**भारत** वर्ष में प्रकाशोत्सव दीपावली का पर्व धूमधाम से संपन्न हो गया। भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। शायद ऐसा बोलने से आशय शताब्दियों पूर्व भारत धनधान्य सोने-चांदी, पशुधन और खाद्य पदार्थों के मामले में विश्व भर में भरपूर सम्पन्न एवं आत्मनिर्भर रहा होगा। भारतीय धर्म संस्कृति एवं स्थानीय रीति-रिवाजों के हिसाब से भारतीयों में सदैव सोने के प्रति दीवानगी एवं आकर्षण पाया गया है। हमारे देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के श्रृंगार में हीरे जवाहरात और सोने के आभूषणों का प्रयोग बहुतायत में देखा जा सकता है। भारतीय महिलाओं द्वारा शादी और धार्मिक अनुष्ठानों अथवा विशेष कार्यक्रमों में आभूषणों द्वारा अपना श्रृंगार करना अभी भी प्रचलन में है। भारत में सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दिया था, तथापि सोने-चांदी के दाम निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस बार धनतेरस पर 36 टन सोने की बिक्री हुई है और इसमें 20 फीसदी का उछाल देखा गया है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार इस धनतेरस पर 28000 करोड़ रुपए के 36 टन सोने की बिक्री हुई है। इस धनतेरस पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भी लंदन से 102 टन सोना भारत वापस शिफ्ट कर लिया है। आपको बता दें कि सितंबर के अंत में आरबीआई के पास कुल 855 टन सोना था। इसमें से 510.5 टन सोना देश में रखा गया है। आजकल आसमान छूती सोने-चांदी की कीमतों के चलते अपने बच्चों की शादी की तैयारियों में जुटे अभिभावकों में भय और असमंजस का माहौल व्याप्त है। बेहतर रिटर्न के दृष्टिकोण से भी लोग सोने की खरीददारी कर उसमें अपना धन निवेश कर रहे हैं। इस समय सोने में निवेश से 57 फीसदी से ज्यादा रिटर्न भी मिल रही है। वल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक भारत में आम लोगों के पास करीब 25000 टन सोना है, जिसमें से अकेले भारतीय महिलाओं के पास 20000 टन सोना है। भारत में सोने का सालाना उत्पादन पंद्रह सौ किलोग्राम के आसपास है जबकि भारत हर साल 750 टन सोना आयात करता है। सोने के दामों में आगे कोई कमी आएगी, इस पर भी संशय बरकरार है। दुनिया भर में कुल सोने का 48 फीसदी जेवरात के रूप में लोगों के पास है। विश्व भर में अब तक 1 लाख 90 हजार 40 टन सोना निकाला गया है, जिसमें से 01 लाख 26 हजार टन सोना तो केवल 1950 के बाद ही खनन द्वारा उत्पादित किया गया है। इसके अलावा मुथूट फाइनेंस, मणपुरम फाइनेंस जैसे निजी बैंकों के पास भी 200 टन सोना है। मंदिरों के पास भी करीब 2500 टन सोना है। अकेले तिरुपति स्थित बालाजी मंदिर ट्रस्ट के पास 300 टन सोना होने का अनुमान है। दुनिया में सोने का सबसे बड़ा उत्पादक देश चीन है और इसकी दुनिया के सोने के उत्पादन में 11 फीसदी की हिस्सेदारी है। साल 2023 में चीन ने 370 मीट्रिक टन सोना उत्पादित किया था। विश्व में अन्य प्रमुख सोने के उत्पादक देशों में ऑस्ट्रेलिया, रूस, कनाडा, क्यूबा और फिलीपींस आदि हैं। एसोचैम के अनुसार भारत की सोने की घरेलू मांग सालाना लगभग 900 टन है जबकि उत्पादन मात्र 1500 किलोग्राम के आसपास ही है। वल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सकता है और इसके लिए भारत सरकार को लगभग एक अरब डॉलर का निवेश करना पड़ेगा। वहीं गोल्डमाइंस कम्पनी आस्ट्रेलिया के निदेशक निक स्पेंसर का मानना है कि भारत हर साल 100 टन सोने का उत्पादन कर सकता है और इस प्रक्रिया में देश के एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकता है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने राजस्थान के उदयपुर जिले में सोने के लगभग 11.48 करोड़ टन सोने के भंडार का अनुमान लगाया है। देश का 88.7 फीसदी सोना कर्नाटक के कोलार, धारवाड़, हासन और रायचूर जिलों से निकाला जाता है। कर्नाटक में 17 लाख टन सोने के अयस्क का भंडार है तो वहीं आंध्रप्रदेश, झारखंड और केरल से भी कुछ मात्रा में सोना निकाला जा रहा है। उत्पादन के लिहाज से दुनिया में सोने की सबसे बड़ी खदान उज्बेकिस्तान के मुरुताऊ में है। 2015 में यहां से 61 टन सोना निकाला गया था। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में सोने-चांदी के दामों में और तेजी देखने को मिलेगी। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार पहले लंबे समय तक इन कीमती धातुओं के दाम स्थिर रहते थे और खरीददारों में संतुष्टि का भाव रहता था कि जरूरत पडऩे पर खरीद लेंगे। लेकिन बीते कुछ वर्षों से इन धातुओं के अंतरराष्ट्रीय बाजारों और शेयर मार्केट के साथ संबद्ध होने के चलते इनके दामों में तेजी दर्ज की जा रही है। भारत सरकार घरेलू मांग को पूरा करने के लिए 90 फीसदी से ज्यादा सोने का आयात करती है जिस पर बहुमूल्य विदेशी मुद्रा खर्च होती है। आसमान छूती सोने-चांदी की कीमतों से स्वर्ण कारोबारियों के साथ-साथ शादियों एवं मांगलिक कार्यों हेतु आभूषण खरीदने वाले लोगों की धुकधुकी बढ़ी हुई है। उम्मीद है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही आभूषण उद्योग एवं स्वर्णकारों के साथ-साथ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए सोने-चांदी के दामों को नियंत्रित करने के उपायों पर काम करेगी। यदि आने वाले महीनों में इसी प्रकार सोने-चांदी के दामों में बढ़ोतरी होती रही तो निश्चित रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग वाले भारतीयों के लि यह संकट और जोखिम का समय होगा।



आप का नजरीया

## मदरसे अवैध नहीं

**सर्वोच्च** अदालत ने संविधान की ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए उप्र के मदरसों को 'संवैधानिक' करार दिया है। इस संदर्भ में उप्र मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 और उससे जुड़ा बोर्ड भी 'अवैध' नहीं है। यह कानून मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान बनाया गया था। यह न्यायिक फैसला अल्पसंख्यकों के अधिकार के साथ-साथ समता के मौलिक अधिकार और शिक्षा के अधिकार की व्याख्याएं भी करता है। सर्वोच्च न्यायिक पीठ का मानना है कि यह संविधान के मूल ढांचे और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता। दरअसल यह फैसला ऐसे देश में मौलिक और महत्वपूर्ण है, जहां अत्यधिक शैक्षिक संस्थान धार्मिक संस्थाओं, संगठनों से संबद्ध हैं। यह अल्पसंख्यक अथवा बहुसंख्यक समुदाय का सवाल नहीं है। यह शिक्षा के बुनियादी दायित्वों और सरोकारों से जुड़ा मामला है। तो फिर मदरसों पर आपत्ति जताते हुए, उनसे संबद्ध कानून को, 'असंवैधानिक' कैसे करार दिया जा सकता है? न्यायिक पीठ ने आकलन करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की है-चूंकि शिक्षण संस्थान या मदरसा किसी अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा है और उसकी मजहबी शिक्षाओं को भी पढ़ाया जा रहा है, तो इसके मायने ये नहीं हैं कि वह संस्थान 'शिक्षा' की परिधि से बाहर कर दिया जाए। संविधान में अल्पसंख्यकों को अधिकार दिए गए हैं कि वे अपने शैक्षिक संस्थान स्थापित कर सकते हैं। उसी के तहत मदरसे लगातार खुलते रहे हैं। दरअसल मदरसों को 'आतंकवाद के अड्डे' और 'इस्लाम के प्रचारक संस्थान' करार दिया जाता रहा है। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि राज्य सरकार मदरसों के पाठ्यक्रम को नियमित और संशोधित कर सकती है। कुरान के साथ-साथ गणित और विज्ञान जैसे विषय भी पढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन मदरसे 'कामिल' और 'फाजिल' (स्नातक, स्नातकोत्तर) की जो डिग्रियां बांटते रहे हैं, वे 'अवैध' हैं, क्योंकि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम के खिलाफ है। आयोग से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय ही ऐसी डिग्रियां देने को अधिकृत हैं। सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला खारिज किया है, क्योंकि उच्च न्यायालय ने अधिनियम को 'असंवैधानिक' माना था और उप्र के सभी मदरसों को बंद करने का आदेश दिया था। इस सर्वोच्च फैसले से मदरसों में पढऩे वाले 12,34,388 छात्रों का शैक्षिक भविष्य सुरक्षित रह सकेगा और 13,364 मदरसों के अस्तित्व कायम रह सकेंगे। मदरसों में हजारों शिक्षक भी पढ़ाते हैं, लिहाजा वे एकदम बेरोजगार होने से बचेंगे। मदरसों की जमात अलग-अलग है। कोई मदरसा राज्य सरकार से वित्तीय अनुदान प्राप्त करता है, तो कोई ऐसी मदद को 'इस्लाम-विरोधी' मानते हुए नहीं लेते और अपने संसाधनों के बूते ही मदरसे चलाते हैं। फिलहाल उप्र के मदरसा कानून पर सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया है। इसी के आधार पर देशभर के मदरसा बोर्ड और उनके प्रबंधक शीर्ष अदालत तक दस्तक दे सकते हैं।

# शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक करें निर्वहन : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रविवार को विकास भवन स्थित डीएमएफटी सह प्रशिक्षण भवन हॉल में सामान्य प्रेक्षक चतरा विधानसभा क्षेत्र की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त चतरा जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु संयुक्त ब्रीफिंग किया गया।जिसमें सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों को चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक 27 चतरा विधानसभा क्षेत्र, श्री अमृतेश औरंगाबादकर के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए लोकतंत्र के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की



जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यो से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ दी जा रही जानकारी को समझ लें। इस दौरान कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य, ईवीएम प्राप्त करने, मॉक पोल प्रक्रिया, प्रवेश पास पद्धति, मतदाता रजिस्टर 17 ए में निर्वाचकों के विवरण नोट करने, किसी भी घटना को सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध संचार माध्यम से रिपोर्ट करने की प्रक्रिया, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को पोलिंग पार्टी के सभी कार्यो और दायित्वों, सभी प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया, ईवीएम संचालन आदि पूर्व के प्रशिक्षण में बताया गया है।इस दौरान उपायुक्त द्वारा सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों से प्रशिक्षण में दी गई जानकारियों से संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गये। इसका जवाब सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। मुख्य रूप से पोलिंग बूथ के अंदर किसको होना चाहिए, उसके साथ मोबाइल होना चाहिए या नहीं होना चाहिए, संबंधित के पास ऑथराइजेशन लेटर होना चाहिए, मॉक पोल का समय क्या है आदि प्रश्नों के उत्तर सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। उनके द्वारा यह भी जानकारी ली गयी कि मतदान केंद्र के 100 मीटर और 200 मीटर के दायरे में क्या रहना चाहिए, क्या नहीं रहना चाहिए। साथ-साथ मतदान के दौरान और मतदान समाप्ति के दौरान उनके क्या-क्या कर्तव्य हैं। सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों से विभिन्न आवश्यक प्रश्न पूछते हुए उनको निर्देश दिया गया कि आप सभी के मोबाइल फोन हर परिस्थिति में ऑन होने चाहिए और हर प्रकार के फोन आपको अटेंड करना अनिवार्य होगा। आपके सेक्टर में कहीं मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का वायलेशन ना हो। अपने सेक्टर में यह भी सुनिश्चित करेंगे की शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण हो चुका है। मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट बनाए गए है या नही इत्यादि।उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल पदाधिकारियों को विधानसभा की निर्वाचन प्रक्रिया, महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया गया। इसके अलावे सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर के सभी सवालों के जवाब भी दिये गए। चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई।इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित

## एक सप्ताह से युवक लापता, परिजन परेशान



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बगरा गांव निवासी प्रेम कुमार यादव, उम्र 35 वर्ष, पिता जानकी यादव बीते एक सप्ताह से घर से गायब है। प्रेम को अगल बगल या रिश्तेदारों के यहां ढूंढ कर परिजन परेशान है। गुमशुदगी को लेकर परिजनों ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। परिजनों ने बताया है कि प्रेम कुमार यादव का दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं है। किंतु घर से पहला बार गायब हुआ है। प्रेम कुमार यादव घर से 25 अक्टूबर शुक्रवार को निकला है। जिसका रंग सांवला है। प्रेम का दो छोटी छोटी बच्चियां और वृद्ध मां है। इनकी पत्नी का देहांत बज्रपात से हुई थी।उसी दिन से हल्का विक्षिप्त है। इस व्यक्ति पर जिन सज्जन का किसी प्रकार कोई जानकारी मिले तो 7462057456, 9905134868 पर जानकारी दे सकते हैं।

## हंटरगंज और गिद्धौर में आयोजित चुनावी जनसभा को तेजस्वी यादव ने किया संबोधित



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा विधान सभा के ब्लॉक हंटरगंज और सिमरिया विधान सभा के ब्लॉक गिद्धौर में राजद और जेएमएम के द्वारा आयोजित चुनावी सभा में स्टार प्रचारक के रूप में बिहार प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतीक्षा तेजस्वी यादव, राज्य सभा सांसद मुकेश साहनी,विधायक मौलाना मसूद, पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी,गुरुवा विधायक विनय यादव सूबे के मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल हुए। हंटरगंज प्रखण्ड में राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश और गिद्धौर प्रखण्ड में जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में वोट करने का अपील किया गया।इस सभा की अध्यक्षता राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक यादव और जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने किया। जबकि संचालन राजद नेता मौलाना अतीक मंसूरी कर रहे थे।इस चुनावी सभा में बिहार प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इंडिया महागठबंधन की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश और जे एम एम प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भारी बहुमत से विजय बनाने का आग्रह किया। तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि मेरे ही पार्टी के पूर्व विधायक को कभी भाजपा तो कभी लोजपा चुनावी मैदान में उतार कर चुनाव जीतने का सपना देख रहे हैं।पिछले चुनाव में राजद से भाजपा शिकस्त खा चुकी है अब अपने छोटे भाई लोजपा को आगे बढ़ा कर चुनावी मैदान में जोर आजमाइश कर रहे हैं।पार्टी बदलने से इंसान नहीं बदलता इस लिए बगैर किसी के बहकावे में न आएं और एक जुट होकर महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का काम करें।देश के एक आदिवासी मुख्य मंत्री को केंद्र की सरकार एजेंसी लगवा कर जेल भेजने का काम की है इस लिए वोट के जरिए जनता जवाब देगी।भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब यह जनता के जनादेश को स्वीकार नहीं कर पाती है तो विधायक को खरीदने का प्रयास करती है और जब विधायक नहीं बिकता है तो उसके पीछे एजेंसी लगवा कर परेशान करती है।भाजपा और आरएसएस को लालू यादव ने हमेशा चुनावती देते रहे हैं लेकिन कभी भी उनके मंसूबों को चलने नहीं दिया।हम उसी लालू के बेटा हैं हम झुक जाएंगे ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है।भाजपा और आर एस एस सिर्फ हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद की राजनीतिक से ऊपर उठ नहीं सकी है।इस लिए सभी लोग मिल जुल कर सामाजिक न्याय के साथ डटे रहे और एक जुट रहे। सरकार बनते ही दस लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। सरकार ने बिजली बिल किसान ऋण माफ की वहीं दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त कर दी है।

# आपसी विवाद में महिला की हुई पिटाई, थाना में दिया आवेदन अब तक नहीं हुई सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत सूर्या टांड़ गांव बारीसाखी पंचायत थाना गिद्धौर जिला चतरा की स्थानीय निवासी लाल धारी यादव के पत्नी रविता देवी उम्र 35 वर्ष ने थाना को 3 नवंबर को एक लिखित आवेदन दिया था। जिसमें लिखा है।कि इनके ही सौतेला बेटा प्रदीप यादव उम्र 30 वर्ष पिता लालधारी यादव, टहल यादव उम्र 32 वर्ष पिता स्व तुलसी यादव ने 3 नवंबर के रात्रि में रविता देवी के साथ मारपीट एवं गलत नीति से घर में घुसे थे। जब महिला ने हल्ला कीया तो जमकर इन लोगों ने पिटाई कर दिया।जिसे लेकर महिला ने अपनी तथा अपने परिवार के



बचाव के लिए थाना को आवेदन दिया परंतु 10 नवंबर तक कोई सुनवाई नहीं हुई। और इसी बीच महिला के साथ फिर से 10 नवंबर को खेती चराने के बहाने को लेकर मारपीट इन्हीं लोगों के द्वारा किया गया। जिसे लेकर महिला फिर से थाना पहुंची। परंतु इनका सुनने वाला यहां कोई नहीं था। इस प्रकार से क्राइम करने वाले लोगों को मनोबल बढ़ता है। और एक गरीब असहाय लोगों का मनोबल टूटता है।और इस प्रकार से छोटी बड़ी घटना घटने की संभावना बनी रहती है।इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इलेक्शन को लेकर व्यस्तता बढ़ी हुई है।जिससे महिला को इंसाफ नहीं मिल पाया है।विशेष आवेदन को दिखाकर जल्द ही लोगों के प्रति कार्रवाई कि जाएगी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम डिस्पैच प्रक्रिया के लिए की जा रही तैयारी व स्ट्रांग रूम के लिए बहाल सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसके लिए 11 नवंबर 2024 को पी -2 कुल 32 मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगे, जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 वही सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। उक्त ईवीएम डिस्पैच प्रक्रिया के लिए चतरा कॉलेज चतरा में की गई तैयारियों का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप चतरा कॉलेज चतरा पहुंचे। उन्होंने कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉग रूम और ईवीएम डिस्पैच पार्टी के लिए की गई तैयारी का बिंदुवार जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी को कहा ईवीएम डिस्पैच से पहले सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण



कर लें, जिससे ईवीएम डिस्पैच के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। मौके पर उन्होंने स्ट्रांग रूम के लिए बहाल सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## झारखण्ड में बनाये डबल इंजन की सरकार तब होगा झारखंड का विकास : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सियासी तापमान को बढ़ाने के लिए आज चतरा विधान सभा के हंटरगंज ब्लॉक पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।चतरा विधानसभा के एनडीए समर्थित लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के पक्ष में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जन सभा।को संबोधित किया। यह जनसभा प्रखंड स्थित रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की गई थी।उपस्थित जन समूह से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं तभी विकास संभव है। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता के आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं करती।बल्कि पारदर्शिता के साथ साफ सुथरी राजनीतिक पर विश्वास। करतीहै। कांग्रेस और जेएमएम का फितरत है कि वह जनता के आंखों में धूल झोंकर और झुठ बोलकर राजनीति करती आ रही है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि झारखंड में घुसपैठियों की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।जो झारखंड राज्य के लिए चिंता का विषय है।राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सख्त कानून लाया जाएगा।जिस से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। भाजपा झारखण्ड की बेटी,माटी और रोटी को सुरक्षित रखने में अग्रिम भूमिका निभाय गा।उन्होंने आगे बताया कि भाजपा की सरकार आते ही गो-गो दीदी योजना के तहत सभी महिलाओ को प्रत्येक माह के 11 तारीख को उनके बैंक खाते में 2100 रुपया देंने का संकल्प पत्र पढकर लोगों को आश्वस्थ किया गया । प्रत्येक पेंशनधारकों को 2500 रुपया प्रति माह दी जाएगी। वही किसान को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने की घोषणा किया गया। प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को छह मुंह मुफ्त किट और 21000 रुपये दिए जाने की बात दोहराई। उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक परिवार को 500 रुपये में गैस सिलेंडर तथा साल में दो मुफ्त में गैस सिलेंडर दिए जाने की भी बात कही गई। इस चुनावी सभा को एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने संबोधित किया और वर्तमान विधायक सह मंत्री भोक्ता पर प्रहार करते हुए कहा कि राजनीति रोटियां सेकने के लिए बेटे को अंतर्जातीय शादी कर अपना सत्ता बरकरार रखने का सपने देख रहे है।

## कार्यक्रम में नहीं शामिल होने के कारण फोन के माध्यम से तेजस्वी यादव ने किया जनसभा को संबोधित

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के जवाहर लाल नेहरू फुटबॉल मैदान में झामुमो के सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा के लिए जनसभा को संबोधित करने के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आना था। परंतु हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी होने के कारण समय से नहीं पहुंच पाए।जिसके लिए आम ग्रामीणों से क्षमा याचना करते हुए मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आप लोगों के बीच मनोज चंद्रा हैं जिन्हें भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजें।मैं और हमारे महागठबंधन के सभी लोग आप सभी ग्रामीण मतदाताओं का आभारी रहेंगे। आगे मनोज चंद्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिमरिया विधानसभा की स्थिति बिल्कुल विकास के मामले में खराब है।जिसे सुधारने की जरूरत है।आप लोगों के वोट से हमें विकास करने का मौका मिल सकता है।यदि आप अपना मत देकर हमें विधायक बनाते हैं तो निश्चित ही सिमरिया विधानसभा का विकास होगा। आगे कहा की आप सभी तमाम ग्रामीण जनता का समर्थन भरपूर मिल रहा है।

# बालूमाथ में नहीं पहुंचे तेजस्वी, कार्यकर्ताओं में मायूसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हेलीपैड बनाए गए थे वहीं बस एवं अन्य वाहनों से दूर दराज के कार्यकर्ताओं को जमा किया गया था ।लेकिन जैसे ही लोगों को यह पता चला कि तेजस्वी यादव का प्रोग्राम हेलीकॉप्टर खराब हो जाने के कारण उनका कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। लोग मायूस होकर उठकर जाना आरंभ कर दिया। हालांकि तेजस्वी यादव ने मोबाइल से ही कुछ पल के लिए लोगों को संबोधित किया व कहा कि झारखंड में अगर महागठबंधन की सरकार पुनः बनती है तो 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने महा गठबंधन के प्रत्याशी बैजनाथ राम को विजय दिलाने की अपील की। इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव, मोतिउर रहमान, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जुनैद अनवर , मनोज यादव, दीपक यादव, रीना उरांव, समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए बैजनाथ राम को विजयी बनाने की अपील की।

# रात्रि चौपाल लगाकर बिरहोर समाज को मतदान के लिये किया गया प्रेरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** जिला- निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार आसन्न विधानसभा आम चुनाव 2024 में, आदिम जनजाति के समुहो को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बिते शनिवार रात्रि, बारियातु प्रखंड के फुलसु पंचायत अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 37 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरहोर टोला मे आदिम जनजाति के साथ सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान के द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में संबन्धित पदाधिकारीयों ने आदिम जनजाति के मुखिया चन्द्रू बीरहोर व उसके समाज के सभी सदस्यों को मतदान के महत्व के बारे मे बिस्तार से बताते हुए मतदान दिवस 13 नवंबर को मतदान के लिए अनुरोध किया. उक्त चौपाल में अंचल के प्रधान सहायक कपिल देव सिंह संबंधित बीएलओ सुधा देवी, मधुबाला देवी, इलेक्शन नोडल प्रकाश कुमार, निर्वाचन सहायक आलोक दुबे रोजगार सेवक राहुल राज, प्रखंड नाजिर अजय मुंडा सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी व बिरहोर समाज के लोग मौजूद थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत् किया गया मतदाताओं को जागरूकता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव में संचालित +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में बीते शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचलाधिकारी अनंत कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि बुथ संख्या 158 में मतदान प्रतिशत बहुत कम है। इसको लेकर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है।जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बीएलओ के माध्यम से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि हर दिव्यांग मतदाता अपना-अपना मत का प्रयोग मतदान केंद्र में जाकर कर सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक



में निरीक्षण कार्य जारी है। मतदान कर्मियों के लिए हर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर में जाकर मतदाता पहचान पत्र वितरण किया जा रहा है। जो मतदान के दिन तक भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव रोजगार सेवक निर्मल कुमार पार्वती देवी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती उप मुखिया विकास कुमार पांडेय बिएलो सुनीता देवी सईया उषा देवी पोषण सखी देवरानी कुमारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मनिका विस क्षेत्र के सरयू में सांसद मनोज तिवारी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजये बनाये : मनोज तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सरयू प्रखंड में उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा सांसद और प्रख्यात भोजपुरी गायक फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया और उन्होंने कमल फुल छाप को वोट देकर हरिकृष्ण सिंह को विजयी बनाने की अपील की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विशाल जनसभा में उमड़ी जनता ने उत्साहपूर्वक समर्थन के माध्यम से यह संदेश दिया कि मनिका विधानसभा का मन भाजपा के साथ है। जनता का यह विश्वास और आशीर्वाद भाजपा के लिए एक बड़ी ताकत बन रहा है,और इसी शक्ति के साथ भाजपा क्षेत्र में विकास और समृद्धि के नए युग की ओर बढ़ रही है। वहीं सांसद मनोज तिवारी ने जनता के बीच अपने लोकप्रिय गीत ÷सोने के जैसन बा धरतिया हमार÷ के बोल



गाकर अमन और शांति के लिए कमल पर वोट करने की अपील की। कहा कि कमल के फूल पर वोट देकर गांव और शहर में अमन और शांति लानी है श्री तिवारी ने भाजपा की विकास योजनाओं और नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करना है। उन्होंने हरिकृष्ण सिंह को एक अनुभवी और योग्य प्रत्याशी बताते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करेंगे। श्री तिवारी ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन देकर क्षेत्र में प्रगति और समृद्धि लाने में योगदान दें। रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने भाजपा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पंच प्रण योजना और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनका लाभ सीधा जनता तक पहुंच रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने बेटियों के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी योजनाएं शुरू की हैं।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ताकि वे अपने स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रख सकें, जो सीधे बच्चों के विकास से भी जुड़ा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020- यह नीति लड़कियों की शिक्षा में सुधार लाने और उन्हें उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने पर जोर देती है।अपने संबोधन में तिवारी ने बताया कि पहले गांव के लोग डर के माहौल में जीते थे, पर अब वे सुरक्षित वातावरण में अपनी जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी सरयू की जनता को प्रणाम भेजा है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता को शांति, सुरक्षा, और समृद्धि प्रदान करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार ने क्षेत्र में विकास का एक नया अध्याय लिखा है। बिजली, पानी, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है,और भविष्य में बाकी कार्य को विधायक बनने पर प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्यमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की।मौके पर मुकेश पांडे, बंसी यादव, छोटू राजा, आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय भाजपा नेत्री शिल्पा कुमारी समेत एनडीए गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिवारी ने सरयू में आयोजित जनसभा के दौरान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है और केवल भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और बदहाल प्रशासन के लिए जानी जाती है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सोरेन सरकार विकास कार्यों में नाकाम रही है। उन्होंने कांग्रेस विधायक धीरज साहू पर निशाना साधते हुए उनके घर से बरामद 350 करोड़ रुपये की बड़ी रकम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह पैसा भ्रष्टाचार और काले धन का प्रतीक है, जो कांग्रेस नेताओं की काली करतूतों को उजागर करता है। तिवारी ने जनता से पूछा कि जो नेता खुद घोटालों में लिप्त हों, वे जनता की भलाई के लिए कैसे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं दिखाती हैं कि कांग्रेस का उद्देश्य सिर्फ सत्ता में रहकर अपने स्वार्थ को साधना है। तिवारी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा के संकल्प को दोहराते हुए जनता से ईमानदार नेतृत्व का समर्थन करने का आह्वान किया।

# 20 बरकट्ठा, 21 बरही एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत 13 नवम्बर को मतदान, 12 नवंबर को पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना, तैयारियां पूर्ण

- रवानगी से पूर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीयों एवं माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण
- सतर्कता,समयबद्धता और संवेदलशीलता से कार्य करें : पुलिस अधीक्षक
- सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीयों की भूमिका महत्त्वपूर्ण,कॉर्डिनेशन में न रहे कोई कोर कसर : उप विकास आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शांतिपूर्ण, सुगम व पारदर्शी मतदान के सफल संचालन के लिए आज रविवार को नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की निर्देशानुसार सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर को मतदान से पूर्व मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतदान कर्मियों को त्रुटिरहित मतदान के सभी आवश्यक अवयवों से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चार प्रमुख बिंदुओ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है वे बिंदु है घटना रहित मतदान यानी कहीं भी कोई विधि व्यवस्था से संबंधित घटना न हो तथा भयमुक्त वातावरण में मतदान और स्पीड वोटिंग (वोटिंग प्रक्रिया के दौरान लगने वाले समय का बेहतर प्रबंधन) इन सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने से मतदान को बेहतर तरीके से संपन्न कराने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारीयों के भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताते हुए बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा, बरही एवं हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर को है इसलिए पोलिंग पार्टियां 12 नवंबर को अपने अपने निर्धारित मतदान के केन्द्रों पर रवाना होगी। मतदान कर्मियों को ईवीएम व सामग्री ग्रहण करने के लिए दो केंद्र बनाएं गए है। 21 बरही, 20 बरकट्ठा व 25 हजारीबाग के मतदान कर्मियों के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय,हजारीबाग से पोलिंग पार्टियां सुबह डिस्पैच होंगे। इन दोनों केंद्रो में पार्टीवार सेंटर बनाए गए है एवं बूथवार सामग्रियों का संधारण किया गया है। मतदान कर्मी ईवीएम और चुनावी सामग्री को प्राप्त कर संबंधित दोनों केंद्रो में बने वाहन कोषांग से वाहन के साथ रवाना होंगे।। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस मजिस्ट्रेट मतदान कर्मियों के वाहन को स्कॉट करते हुए गंतव्य तक जायेंगे। दोनों वाहन आपसी तालमेल के साथ निकलेंगे,कोई भी ढुलमुल रवैया बर्दास्त नहीं किए




जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों में जीपीएस नेविगेशन सिस्टम लगें है ताकि वाहनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मिलती रहें। चुनावी कार्य एक महत्त्वपूर्ण और जिम्मेवारी वाला कार्य है इसलिए अतिरिक्त सतर्कता,समयबद्धता और संवेदलशीलता से कार्य करने का निर्देश दिया। पोलिंग पार्टियां मतदान के दिन समय से पूर्व पहुंचकर पोलिंग एजेंट के समक्ष मॉक पोल कर अभ्यस्त हो लेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान किसी भी परिस्थिति में पैनिक नहीं करने को कहा, साथ ही उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस मजिस्ट्रेट को मतदान दिवस के दिन बूथ पर नियमित निगरानी व निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतदान के शुरुआती समय में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है किसी भी प्रकार की दिक्कत पर तत्काल अपने वरीय अधिकारियों को सूचना दें। मतदान समापन का समय 5 बजे अपराह्न निर्धारित है लेकिन वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र में 5 बजे से पहले प्रवेश कर गए उन्हें उनके मतदान करने तक कार्य किए जायेंगे। आगे उन्होंने कहा कि मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस मजिस्ट्रेट वापस मतदान कर्मियों को पोल्ड ईवीएम के साथ अपने रिसीविंग सेंटर में सुरक्षित वापस लाएंगे अगर वापसी के क्रम में वाहन खराब हो जाते हैं तो अपने अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना दें और किसी भी परिस्थिति में अन्य निजी वाहनो से लिफ्ट ना ले। चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने, उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। उपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी एक यूनिट के रुप में समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस पदाधिकारियों पर सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेवारी है इसलिए विशेष चौकसी बरतने को कहा। उन्होंने कहा मतदान कर्मियों के वाहन और पुलिस पदाधिकारीयों के वाहन साथ साथ चले ताकि सुरक्षित तरीके से गंतव्य तक पहुंच सकें। उन्होंने निर्धारित रूट पर चलने का निर्देश दिया साथ ही किसी को भी नशा न करने की सख्त चेतवानी भी दी। इस दौरान मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी, कर्मियों को ईवीएम,वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन और सभी मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीडीसी इश्तियाक अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीएम अशोक कुमार, बरही एसडीम जोहन टुडू,जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती,मास्टर प्रशिक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार पाण्डेय, राकेश रंजन,विनय कुमार सिंह अन्य मौजूद रहे।

# निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा का परिवार बना स्टार प्रचारक, समर्थन के लिये झोंकी पूरी ताकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आगामी चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा क्रमांक संख्या 23, छड़ी छाप ने जनता का विश्वास जीतने के लिए अपने पूरे परिवार और मित्र प्रचार में लगे हुए हैं। यह चुनाव अब केवल एक व्यक्ति का नहीं रहा, इस चुनाव को पूरा सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन लड़ रही है हर कोई हर्ष अजमेरा का साथ और सहयोग कर रहा है इस बीच हर्ष अजमेरा का परिवार और निकट मित्रगण भी इस मुहिम का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। हर कोई क्षेत्र में घर-घर जाकर, हर्ष अजमेरा के लिए समर्थन जुटाने में पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहा है। हर्ष अजमेरा के चुनावी अभियान में उनका पूरा परिवार एकजुट होकर लोगों से जुड़ रहा है। स्टार प्रचारकों में शामिल हैं हर्ष के पिता सुनील जैन, जो अपने अनुभव और मार्गदर्शन से जन-जन को समझा रहे हैं कि किस तरह हर्ष के नेतृत्व से क्षेत्र में विकास की नई राह खुल सकती है। उनके साथ, उनकी धर्मपत्नी प्रीति जैन अजमेरा, जो महिलाओं के बीच जाकर अपने अनुभव साझा कर रही हैं और क्षेत्र में महिलाओं के लिए किए जाने वाले कार्यों को बता रही है। इसके



अलावा, उनके मामा चंद्र प्रकाश जैन और मामी लता जैन, जो बुजुर्गों के बीच जाकर उनके मसलों पर चर्चा कर रहे हैं और बता रहे हैं कि हर्ष अजमेरा का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग की समस्याओं को सुलझाना है। हर्ष के भाइयों और मित्रों का समूह भी इस अभियान में पूरे जोश के साथ लगा हुआ है, जो युवाओं के बीच जाकर हर्ष के संकल्प पत्र की विशेषताओं को साझा कर रहे हैं और युवाओं के हितों की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। हर्ष अजमेरा के संकल्प पत्र में कुछ प्रमुख वादे शामिल किए गए हैं जिनसे सभी वर्गों का कल्याण हो सके गा।इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। उनका उद्देश्य क्षेत्र को विकास के नए आयामों तक ले जाना और सभी को समान रूप से लाभ पहुंचाना है।

**छड़ी छाप के साथ बढ़ता समर्थन**

क्र.सं. 23, छड़ी छाप पर समर्थन जुटाने के लिए हर्ष अजमेरा और उनके परिवार के सदस्य एकजुट होकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं और उनकी जरूरतों, समस्याओं को समझते हुए समाधान के रास्ते सुझा रहे हैं। हर्ष अजमेरा का मानना है कि परिवार और जनता का साथ उन्हें न केवल चुनाव में मजबूती देगा बल्कि क्षेत्र के विकास के उनके संकल्प को भी और मजबूत करेगा। इस चुनावी अभियान में हर्ष अजमेरा और उनके समर्थक पूरी ताकत झोंक रहे हैं। जनता से अपील कर रहे है कि वे क्र.सं. 23, छड़ी छाप पर अपना समर्थन दें और इस परिवर्तन में सहभागी बनें। हर्ष अजमेरा ने जनता से वादा किया है कि अगर उन्हें समर्थन मिलता है, तो वे क्षेत्र के हर वर्ग के हितों का सम्मान करते हुए विकास की दिशा में तेजी से कार्य करेंगे। हर्ष अजमेरा ने कहा कि यह चुनाव, केवल एक उम्मीदवार का चुनाव नहीं है, बल्कि यह हम सभी का चुनाव है। मैं आप सभी का बेटा, भाई और दोस्त बनकर आपके बीच आया हूं और मेरा संकल्प है कि इस क्षेत्र को विकास की एक नई दिशा में ले जाऊं। इस चुनाव में मेरी ताकत मेरे परिवार, मेरे मित्रगण और आप सभी का आशीर्वाद है। मेरे संकल्प पत्र एवं घोषणा पत्र में जो वादे किए गए है, वे केवल कागज़ पर नहीं रहेंगे बल्कि उन पर पूरी निष्ठा से अमल किया जाएगा। छड़ी छाप के माध्यम से मैं आपसे यह अपील करता हूं कि आप सभी मेरा साथ दें, ताकि हम सब मिलकर अपने क्षेत्र के उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। इस क्षेत्र के हर व्यक्ति, चाहे वो युवा हो, महिला हो या बुजुर्ग, सबके अधिकार और सम्मान की सुरक्षा मेरा कर्तव्य है। आपका एक-एक वोट हमारे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। मुझे विश्वास है कि आपका समर्थन और सहयोग हमारे इस अभियान को नई शक्ति देगा। आइए, एकजुट होकर इस बदलाव की यात्रा में सहभागी बनें।

# गठबंधन सरकार ने झारखंड में बहाई है विकास की गंगा : कल्पना सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया । मंच संचालन संयूक्त रूप से जितेन्द्र सिंह व निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो के स्टार प्रचारक सह विधायक कल्पना सोरेन ने गांधी मैदान में इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी मुन्ना सिंह के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार की पांच साल तो दो साल करोना काल में बीत गया मात्र तीस वर्षो में विकास की गंगा बहाई है । उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में बनी सरकार अपने कार्यकाल में हर वर्ग को ध्यान मे रखते हुए राज्य में कई उल्लेखनीय कार्य किया तथा कई कल्याणकारी योजनाओं से झारखंड वासियों का दिल जीता है । उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत 40 लाख लोंगो का पेंशन 20 लाख लोंगो को हरा राशन कार्ड 18-20 वर्षो के महिलाओं को मईयां सम्मान योजना, दो लाख तक कर्षि ऋण माफी योजना, दो सौ यूनिट तक फ्री बिजली अपूर्ति बकाया बिजली बील माफी योजना, गरीबों के लिए




अबुआ आवास योजना, गरीब और अभिवंचित वर्ग के बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले योजना, छात्रवृति योजना, झानो फुलो योजना मुख्यमंत्री एक्सीलेंट स्कूल से झारखंड के समस्त लोगो को को लाभ पहुंचाया है । उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण हुए 24 वर्ष हो गये लेकिन मूलवासियों को उनका हक और अधिकार से वंचित रखा गया । गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी मुन्ना सिंह नें सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की खनिज संपदा का रॉयल्टी का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रूपया केन्द्र सरकार के पास बकाया है ये आम जनता का पैसा है जिसे झारखंड के विकास में लगाना था जिसे केन्द्र सरकार नही दे रही है । भाजपा की केन्द्र सरकार की गलत नीतियों और उपेक्षा के कारण झारखंड का पूर्ण विकास नही हो पा रहा है । यदि दोबारा झारखंड में गठबंधन की सरकार आति है तो झारखंड में तेजी से विकास होगा । कार्यक्रम के अंत में नारा दिया हमसब का एक नारा , गठबंधन की सरकार आएगी दोबारा ।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा यमुना यादव, अशोक देव, विजय यादव, आबिद अंसारी, अवधेश सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, विरेन्द्र सिंह झामुमो के कमल नयन सिंह, दिलीप वर्मा, इजहार अंसारी, नईम राही, सरफराज अहमद, जमील खान, कमाल कुरैशी, इत्तफाक आलम, निसार अहमद, अजय साव राजद के चरका यादव, निरज यादव, रौशन यादव, राजीव वर्मा कांग्रेस के लाल बिहारी सिंह, रघु जायसवाल, अजीम खान, चन्द्र शेखर मिश्रा, रवि शर्मा, राजू चौरसिया, अकिल अहमद, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, सुनिल ओझा, अजय गुप्ता, सुनिल सिंह राठौर,शारदा रंजन दुबे, कैलाश पति देव प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह, गोवर्धन गंझू, सत्यनारायण प्रसाद, नरसिंह प्रजापति प्रकोष्ठ अध्यक्षों मे प्रकाश यादव, बेबी देवी, अभिषेक राज, ओमप्रकाश गोप, साजिद अली खान, मुकेश पासवान, ज्ञानी प्रसाद मेहता, गुड्डु सिंह, रिकू कुमार कोषाध्यक्ष सुनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष लखराज सिंह, गोविंद राम, धीरेन्द्र कुमार दुबे, सरयु यादव, मकसूद आलम कृष्णदेव प्रसाद सिंह, नरेश गुप्ता, कजरू साव, सलीम रजा, अफरोज आलम, तारिक रजा, अजय सिंह महासचिव राजेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार रवि, ओमप्रकाश झा, शिव नंदन साहू, मनोज मोदी, विजय कुमार सिंह, राजीव कुमार मेहता, जावेद इकबाल, जयप्रकाश यादव, प्रदीप मिश्रा, बाबर अंसारी, सदरूल होदा, राम अनुज सिंह सचिव माशूक अंसारी, भैया असीम कुमार, मो. वारीश, मुस्ताक अंसारी, अजय कुमार राणा,दरगाही खान, मो. रब्बानी, राशिद खान, सैयद अशरफ अली, बिन्दु कच्छप, रूप कुमारी टोप्पनो, बाबु खान, तसलीम अंसारी, गुलाम शाबिर उर्फ बबलू, अनिल भुईयां, महेश राम रजक, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, कोमल कुमारी, मनिषा टोप्पो, सोनू वर्मा, इजहार हुसैन, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, पंचम पासवान, अमृतेष रंजन, अरशद खान, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर सागर, निसार अहमद भोला आदि उपस्थित थे ।

# विष्णुगढ़ में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर के अर्घ के साथ एतवार पर्व सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा के उपरान्त पड़ने वाले पहले रविवार को बड़े पैमाने में छठव्रतियां ठीक उसी प्रकार अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मान्यता के अनुसार सिर्फ एक ही अर्घ्य के साथ पूरे विधिविधान से एतवार (बड़का) पर्व का समापन करती है। रविवार को विष्णुगढ़ के खरना समेत विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अन्यत्र लगभग सभी छठ घाटो पर छठ पूजा की तरह ही रौनक देखने को मिली। एतवारा पर्व के दौरान पर सभी छठ घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी।

# निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा का घोषणा पत्र जारी, क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए विशेष योजनाओं का वादा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने संकल्प पत्र के बाद रविवार को अपने घोषणा पत्र को भी जारी किया, जिसमें जनता की भलाई और क्षेत्र की उन्नति के लिए कुछ ठोस और जनोपयोगी कदमों का उल्लेख किया गया है। अपने घोषणा पत्र में उन्होंने पाँच प्रमुख बिंदुओं को विस्तृत रूप से शामिल किया है, जो न केवल विकास को बढ़ावा देंगे बल्कि सामाजिक उत्थान में भी सहायक होंगे जिसमें शिक्षा को प्रोत्साहन देने और विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर्ष अजमेरा ने 10,000 बच्चों को 12वीं पास करने के बाद मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने का वादा किया है। इससे न केवल युवाओं को उच्च शिक्षा में मदद मिलेगी, बल्कि वे रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए भी तैयार हो सकेंगे। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए है, जिससे हर बच्चा तकनीकी दृष्टि से आत्मनिर्भर हो सके। महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए हर्ष अजमेरा ने गर्भवती महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य खर्च को वहन करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क होगी, जिससे माताओं और नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य संरक्षित रहेगा। गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, औषधि, और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक चिंता से मुक्त रखा जा सके। शिक्षा की उन्नति के लिए जिले स्तर पर 500 सीट की स्टडी लाइब्रेरी और प्रखंड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और संसाधनों के माध्यम से पढ़ाई का बेहतर अवसर मिलेगा। लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें, अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे हर वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उनके ज्ञान को विस्तार मिलेगा।

# करगालों में 22 वर्षीय युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करगालों पंचायत के 22 वर्षीय निवासी राजू साव पिता नवरत्न साव फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है, यह घटना रविवार सुबह आठ बजे के आसपास की है। सूत्रों के हवाले बताया जाता है कि युवक राजू साव अपने घर पर फर्नीचर का दुकान चलाता था। कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था, जिसके चलते अपने घर के पंखे में रस्सी लगाकर आत्महत्या कर ली है। देर तक दरवाजा बंद रहने के कारण परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो देखा कि राजू साव अपने घर के पंखे के फंदा से लटका हुआ है, उसकी शव को पंखे से उतारा गया। इस घटना की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल गई जिससे आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है जो एक जांच का विषय है। आनन फानन में उनके शव को जरलाही नदी के स्थानीय मुक्तिधाम में दाह संस्कार कर दिया गया है।

# खण्डेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग द्वारा अन्नकूट सह दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** खंडेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग द्वारा रविवार को अतिथि भवन के सभागार में अन्नकूट सह दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन उत्साह और भक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन से की गई, जो इस आयोजन का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का मंच संचालन समाज के सचिव पवन रावत खण्डेलवाल एवं खण्डेलवाल महिला संघ की सचिव रूपा वैद्य के द्वारा किया गया, वही धन्यवाद ज्ञापन समाज सचिव पवन रावत खण्डेलवाल के द्वारा किया गया,इसके बाद प्रभु श्री श्याम की अराधना, भजन-कीर्तन,और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय बन गया। समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर आरती में भाग लिया और भजनों पर श्रद्धापूर्वक झूम उठे। भजनों और आरती ने न केवल माहौल को भक्तिमय किया, बल्कि सभी के दिलों को भी छू लिया। भजन की प्रस्तुति कलाकार बिट्टू बिहारी के द्वारा किया गया।

**अभिभावकों का सम्मान एवं समाज के बच्चों का उत्साहवर्धन**

समारोह में समाज के अभिभावकों का विशेष सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य, जो पीढ़ियों से इस समाज का हिस्सा रहे हैं, उनके योगदान को सराहा गया। उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान बढ़ाया गया।

इसके साथ ही, समाज के बच्चों को उनके शैक्षिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। यह एक ऐसी पहल है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों का हुनर और रानी सती दादी जी का जन्मोत्सव**

समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य, नाटक, और गायन की प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। इसके साथ ही, राणी सती दादी जी का जन्मोत्सव भी मनाया गया। उनकी



आरती की गई श्रद्धालुओं ने अनेकों भजन प्रस्तुत किया और दादी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों और युवाओं का उत्साह चरम पर था, और इसने सभी में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद डांडिया धमाल का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और इस पल को यादगार बना दिया। संरक्षक नरेश वैध ने कहा यह आयोजन हमारी परंपरा, एकता और संस्कारों का प्रतिबिंब है। यह देखकर खुशी होती है कि समाज के सभी लोग मिलकर इसे सफल बना रहे हैं। सभी का सहयोग सराहनीय है और हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास इसी तरह जारी रहना चाहिए। समाज के अध्यक्ष राहुल खण्डेलवाल ने कहा समाज के इस अन्नकूट सह दीपावली मिलन समारोह में हर वर्ष की तरह इस बार भी जिस प्रकार का उत्साह और सौहार्द देखने को मिला, वह प्रशंसनीय है। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को हमारी परंपराओं के करीब लाने का अवसर देता है। सचिव पवन रावत खण्डेलवाल ने कहा, यह आयोजन न केवल दीपावली की खुशियों को साझा करने का एक माध्यम है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। अन्नकूट समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि समाज के हर व्यक्ति को जुड़ने और सम्मान करने का अवसर मिले। इस आयोजन में बच्चों और बुजुर्गों का जिस प्रकार का उत्साह दिखा, वह हमारे समाज की शक्ति और एकता का प्रतीक है। हम आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे ताकि खंडेलवाल समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखा जा सकें साथ ही उन्होंने विशेष रूप से खंडेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रूना खंडेलवाल एवं उनकी टीम के समस्त सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया साथ ही खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल एवं उनके टीम के समस्त सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया कहा कि आप सभी का सहयोग अकल्पनिक तथा अद्भुत था आप सभी के सहयोग के बिना भव्य कार्यक्रम आयोजित कर पाना काफी मुश्किल था आप सभी का साथ और सहयोगिनी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया, कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं साथ ही समाज के सहयोग और साथ के लिए उनका आभार प्रकट करता हूं। यह जानकारी खंडेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दिया।

## भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधान सभा भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह पहुंचे करों प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भलगढ़ा, बेलक्यारी, लकरछरा, बाराताड़, चोपक्यारी, चांदचोरा, केन्दबरिया, करों, साल तर, गौरीपुर, डुमरतर अन्य कई जगहों पर चलाया गया जनसंपर्क अभियान वही ग्रामीणों से मिलकर लिया आशीर्वाद आने वाले 13 नवंबर को रंगा सिरसा में भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं । जिसमें आप सभी ग्रामीण मोदी जी पहली बार मधुपुर की धरती पर आ रहे हैं साथ ही गंगा नारायण सिंह ने कहा मधुपुर विधान सभा में इस बार सभी बदलाव चाह रहे हैं चारों ओर सिर्फ भ्रष्टाचार चरम सीमा पर इसलिए आप सभी मतदाताओं से भाजपा को वोट देने का की अपील इस मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामदेव चौधरी, महामंत्री मोहन कुमार,जिप सदस्य बलबीर राय,सीताराम रवानी,पूर्णानंद राय, कृष्णा पोद्दार,तपन राय,उत्तम मंडल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## पीएम मोदी 13 नवम्बर को करौं प्रखंड के सिरसा मैदान में करेगें चुनावी सभा, तैयारी शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 नवंबर को करौं प्रखंड के सिरिसा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगें।पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड विधान सभा चुनाव में मधुपुर,सारठ विस क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील व जनसभा को संबोधित करेगें। वहीं मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र में 13 नवंबर को नरेंद्र मोदी की पहली बार जनसभा होगी। सूबे की चुनावी दंगल में पीएम मोदी के आगमन व जनसभा को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वहीं पीएम की सुरक्षा सहित अन्य मानकों-मापदंड को धरातल पर उतराने को लेकर एसपीजी सहित सुरक्षा की केंद्रीय एजेंसियां समेत जिला प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में दिखने लगी है।मंच सहित अन्य इंतजाम को अंतिम रूप देने का कार्य शुरू कर दिया है। रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

## झाड़ू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा, घटना में चालक और खलासी सुरक्षित



**गोपीकांदर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुमका पाकुड़ मुख्य सड़क पर थाना क्षेत्र में दुर्घटना जोन माने जाने वाले क्षेत्र जियापानी ढलान के पास रविवार देर शाम को दुमका की ओर से आ रहा झाड़ू लदा एक एल पी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया । हलांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है । चालक और खलासी दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं । मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक दुमका से झाड़ू लेकर बरहरवा की ओर जा रहा था । तेज गति में होने के कारण जियापानी ढलान के पास चालक अपना संतुलन खो दिया और ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया । घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी लेने के लिए पूछताछ कर रही थी ।

## रामगढ़ में अवैध विदेशी शराब फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ़ थाना अंतर्गत कोयरीटोला (मुंडा टोली) मे सघन व व्यापक छापामारी कर एक अवैध विदेशी शराब का फैक्टरी का भंडाफोड़ कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान जप्त प्रदर्श 48 बोतल (36 लीटर) Black Tiger Whisky (For Sale in Arunachal Pardesh only),4 बंडल विभिन्न ब्रांड का लेबल,1 बंडल होलोग्राम,250 पीस विभिन्न ब्रांड का खाली बोतल,500 पीस विभिन्न ब्रांड का ढक्कन सहित अन्य सामग्रियों को जप्त की गई। छापेमारी अभियान के दौरान अभय कुमार गोस्वामी, श्याम मुंडा एवं आशीष मुंडा को उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ड्ड), 55 एवं अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। जबकि सन्नी अग्रवाल, रोमन कुमार, भगडू गोस्वामी घटनास्थल से फरार अभियुक्तों के विरुद्ध के अभियोग दर्ज किया गया । छापेमारी अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सिपाही विनय सिंह, कमलेश कुमार एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

## अक्षय नवमी में हुई आंवला वृक्ष की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** शहर के राजबाड़ी डालमिया कूप व भेड़वा में रविवार को अक्षय नवमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना कर वृक्ष के नीचे विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष नवमी को श्रद्धालुओं द्वारा अक्षय वट पूजा की प्राचीन परंपरा रही है.इस अवसर पर उक्त तिथि को आंवले के वृक्ष के नीचे दीप जलाकर विधि विधान के साथ भगवान विष्णु की पूजा अराधना एवं महिलाओं द्वारा लोकगीत गाकर सेवा भाव से पर्यावरण प्रेम को प्रदर्शित किया जाता है। साथ ही आंवले के वृक्ष के नीचे मिट्टी निर्मित चूल्हे पर तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर भगवान विष्णु का संस्मरण करते हुए परिवार के अलावे सगे संबंधी को आमंत्रित कर पूरे श्रद्धाभाव से वृक्ष के नीचे ही प्रसाद के रूप में भोजन कराया जाता है। इसके अलावे इस दिन दान-पुण्य करने का भी रिवाज है।

## मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में 14 से 18 नवंबर के बीच टाइगर जयराम महतो का होगा आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में 14 से 18 नवंबर के बीच टाइगर जयराम महतो के आगमन की धमक सुनाई दे रही है! जेएलकेएम के वरिष्ठ नेता सिकंदर आलम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान जानकारी दी, जयराम महतो इस दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर चर्चा करेंगे! सिकंदर आलम ने साफ कहा, टाइगर महतो मधुपुर के रोजगार, अस्पताल, और शिक्षा से जुड़े सवालों पर जोरदार आवाज उठाने जा रहे हैं! जनता के बीच इस दौरे को लेकर उम्मीदें बढ़ती जा रही हैं! इस खास मौके पर जेएलकेएम के नगर अध्यक्ष इबरार अंसारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन दास, प्रखंड अध्यक्ष चंद हसन, जिला सहसचिव मिलन कुमार, जिला सचिव आरती चौहान, उदय मंडल, इरशाद अंसारी, और शाहबाज खान जैसे पार्टी के प्रमुख नेता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधान सभा भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह पहुंचे करों प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भलगढ़ा, बेलक्यारी, लकरछरा, बाराताड़, चोपक्यारी, चांदचोरा, केन्दबरिया, करों, साल तर, गौरीपुर, डुमरतर अन्य कई जगहों पर चलाया गया जनसंपर्क अभियान वही ग्रामीणों से मिलकर लिया आशीर्वाद आने वाले 13 नवंबर को रंगा सिरसा में भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं । जिसमें आप सभी ग्रामीण मोदी जी पहली बार मधुपुर की धरती पर आ रहे हैं साथ ही गंगा नारायण सिंह ने कहा मधुपुर विधान सभा में इस बार सभी बदलाव चाह रहे हैं चारों ओर सिर्फ भ्रष्टाचार चरम सीमा पर इसलिए आप सभी मतदाताओं से भाजपा को वोट देने का की अपील इस मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामदेव चौधरी, महामंत्री मोहन कुमार, जिप सदस्य बलबीर राय,सीताराम रवानी, पूर्णानंद राय, कृष्णा पोद्दार, तपन राय, उत्तम मंडल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बड़कागांव में मतदाता जागरूकता रैली



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता प्रतिशत में वृद्धि के हेतु से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में रविवार को जिला प्रशासन द्वारा 22- बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार का मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा ढोल मांदर बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पतरातू प्रखंड कार्यालय में मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से मतदान की प्रति मतदाताओं को जागरूकता संदेश दी गई इसके उपरांत मतदाता रैली निकली गई जो प्रखंड कार्यालय से पतरातू बस्ती होते हुए राजकीय संपोषित प्लस टू विद्यालय तक आयोजित की गई जहां सभा का आयोजन कर लोगों को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित जिले के अन्य वारिया पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली के दौरान निर्वाचन तिथि 13 नवंबर बड़कागांव विधानसभा चुनाव अंकित तख्ती को रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ आसमान में छोड़कर मतदाताओं को स्वच्छ व निष्पक्ष रूप से आगामी 13 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र के लिए जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच आगामी विधानसभा निर्वाचन 22 बड़कागांव क्षेत्र मतदान तिथि अंकित मतदाता जागरूकता आमंत्रण कार्ड देकर मतदाताओं को मतदान करने का अपील भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय संपोषित प्लस टू विद्यालय पतरातु के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पेंटिंग उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को भेंट दिया दिया गया वही बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से बनाए गए रंगोली का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अवलोकन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए साथ ही सभी ने 13 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, स्वीप नोडल पदाधिकारी श्रीमती इंदु प्रभा खालखो, पुलिस उपाधीक्षक पतरातु, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु, अंचल अधिकारी पतरातु,सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## महागठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन के पक्ष में कांग्रेस ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन के पक्ष में करो प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में मोटर साईकिल जुलूस निकल कर बेलकियारी ,धरमपुर , टिकेत वाँध व चौपकियारी, लकड़छारा, परतापुर आदि गांवों भ्रमण कर लोगों जन सम्पर्क किया । इस अवसर पर संजीव चौधरी ने लोगों से कहा कि पुनः हफीजुल हसन को भारी मतो से विजयी बनावें 7 एक आदर्श व खुशहाल मधुपुर विधान सभा क्षेत्र का निर्माण हो सके कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रदेश में महिलाओं को मान सम्मान दिया गया है प्रदेश के प्रत्येक महिलाओं को महीने में 1000 सम्मान राशि प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है सहित अनेको योजना को झारखंड के हेमंत सरकार ने धरातल पर उतारने का काम किया है जिसे जनता कभी नहीं बुला सकता है! साथ ही मंत्री हफीजुल हसन द्वारा प्रखंड क्षेत्र में अनेकों धार्मिक स्थलों में विकास योजना को अमली जामा पहनाया जिससे आम लोग बेहद खुश नजर आ रहे हैंद्य मौके पर भीम तुरी, सागर दास,शिवशंकर, पाण्डेय,के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## भाजपा बूथ कमिटी की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**काठीकुण्ड :** काठीकुंड प्रखंड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा बूथ कमिटी की बैठक मंडल अध्यक्ष अभिजीत सुमन जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।कार्यकर्म में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी मुन्ना मिश्रा ने सभी बूथ अध्यक्ष को संगठन मजबूती के लिए जन जन तक सम्पर्क स्थापित करते हुये बूथ शशक्तिकरण पर जोर देने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी संतोष सोरेन,विधानसभा प्रवासी रितिक यादव ,विधानसभा विस्तारक उत्तम शर्मा, प्रखंड के सभी बूथों से बूथ अध्यक्ष,प्रभारी और संयोजक के साथ प्रखंड प्रमुख सह भाजपा नेत्री बिमला नीपू सोरेन, बिनोद मंडल, राजू दत्ता, लालचंद पाल, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन के समर्थन मे दर्ज़नो महिलाओं का झामुमो मे योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**काठीकुण्ड :** शिकारीपाड़ा विधानसभा हॉट सीट से झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन के समर्थन मे आये दिन दर्ज़नो नये युवा व बुजुर्ग झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।विभिन्न समाजो के लोग जात पात से ऊपर उठकर झामुमो पर एक बार फिर विश्वास जताते दिख रहे है।शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन का टिकट कन्फर्म होने के बाद से ही काठीकुण्ड प्रखंड के विभिन्न गाओ से विभिन्न समाजो के लोगो का झामुमो मे योगदान का शिलसिल बेरोक जारी है,हज़ारो की संख्या मे नये महिला व पुरुष झामुमो का दामन थाम चुके है।इसी क्रम मे काठीकुण्ड स्थित सांसद आवास और झामुमो के चुनावी कार्यालय मे रविवार को प्रखंड अंतर्गत कदमा पंचायत के ग्राम खैरबनी, पाकेरडीह और आमझरी निवासी घटवाल समाज के कुल 54 महिलाओं के साथ, करनपुरा, लखनपुर और बड़ा चापुड़िया निवासी 10 युवा पुरुषो ने झामुमो का दामन थामा।जिसमे पानो देवी, सोनिया देवी, मंजू देवी, प्रमिला देवी, हेमलता देवी, गुड़िया देवी, रीता देवी, सरोति देवी,त्रामन बीबी, राजेंद्र देहरी, लालबाबू राय,गौतम टुडू, सुनील टुडू,सनातन मरांडी के साथ अन्य शामिल है।मौक़े पर जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री जॉयस बेसरा, सांसद प्रतिनिधि जोन सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल जब्बार ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी नये कार्यकर्ताओ का पार्टी मे स्वागत किया।मौक़े पर जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने अपने सम्बोधन मे कहा की, भाजपा झारखण्ड के भोले भाले लोगो को जाति के नाम पर बाँटने का काम कर रही है,जल जंगल जमीन और खनिज को लूटने का प्रयास कर रही है।कहा की एक ही बगीचे मे लगे विभिन्न फूलो की भाति हमारा समाज है,हमने कभी समाज को भेदभाव की नज़र से नहीं देखा। जाति के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा सरकार को उखाड़ फैकने हेतु नारीशक्ति का एक साथ होना बेहद आवश्यक है। वहीं सांसद प्रतिनिधि एवं प्रखंड अध्यक्ष ने उपस्थित सभी नये कार्यकर्ताओ को पार्टी के नियम व सिद्धांतो से अवगत कराते हुये,आगामी चुनाव सम्बंधित रणनीति साझा किया और चुनाव प्रचार मे जोरो सोरो से लग जाने की अपील की।अवसर पर झामुमो कार्यकर्ता सकिल अंसारी, आदिल अंसारी, संदीप सोरेन के साथ अन्य मौजूद थे।

## मधुपुर विधानसभा के बरसतिया गांव में झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधानसभा के बरसतिया में महागठबंधन झामुम उम्मीदवार हफीजुल हसन अंसारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया और इस चुनाव में झामुमो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर 20 नवंबर को तीन नंबर बटन दबाकर तीर धनुष में वोट देकर विजय बनाएं और झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनाने के संकल्प लें। वहीं जहां ग्रामीणों से झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को अपना बहुमूल्य वोट देने की अपील की लोगों ने भी अपना सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए झामुम गठबंधन सरकार को ही अपना समर्थन देने के लिए संकल्प लिया। वही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री अंसारी ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास का काम किया है और आगे भी यह काम निरंतर जारी रहेगा। वहीं मुख्य मंत्री ने अनेकों योजनाओं को दिया। हेमंत सरकार में चलायी जा रही योजनाओं से सभी लोग खुश है। आगामी 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव में झामुमो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर क्रमांक संख्या 3नंबर पर तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजय बनावें।

## 85+ वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग सुविधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 22- बड़कागांव विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार 22 बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन हेतु पोस्टल बैलट से मतदान सुनिश्चित कराने के मद्देनजर कैमरे की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ रामगढ़ जिले में कुल पोस्टल बैलट 6 मतदान केंद्रों निर्वाचन के दौरान आवश्यक सेवा में लगे मतदाताओं के द्वारा मतदान किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट कोषांग कर्मी एवं पदाधिकारी द्वारा वृद्ध 85+एवं दिव्यांग मतदाताओं जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के घर घर जाकर कराया गया मतदान।वरीय पदाधिकारी मतपत्र कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलट से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसके लिए कुल 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं यथा 1.समाहरणालय कार्यालय ब्लॉक ए 2. पुलिस लाइन,3. परिवहन कार्यालय वाहन कोषांग वही गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं रामगढ़ जिले में निर्वाचन के दौरान आवश्यक कार्य में लगे मतदान कर्मी ,85 +वृद्ध एवं दिव्यांग वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है वहीं प्रतिनिधि पदाधिकारी द्वारा उन सभी मतदाताओं के घर-घर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर मतदान कराया जा रहा है।

## बाघमारा विधान सभा के प्रत्याशी रोहित यादव ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा विधान सभा के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन कचर्रा बस्ती में किया गया जिसका अध्यक्षता एवं संचालन अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने किया । सभा से पूर्व कंचनपुर के युवाओं ने आतिश बाजी करते हुए गाजा बाजे के साथ माला पहना कर श्री रोहित यादव को स्वागत करते हुए सभा स्थाल तक लाया । सभा में रोहित यादव को गुलदस्ता भागीरथ रवानी और सलमान अंसारी एवं साल ओड़ाकर निताय रवानी, अजय सिंह, लक्ष्मण रवानी , मनोज रवानी ने स्वागत किया ।सभा में भाजपा छोड़ रोहित यादव पर आस्था रखते हुए दर्जनों युवा सामिल हुए ।रोहित यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगो का आशीर्वाद से चुनाव जीते और आप लोगो का सारी समस्याओं का समाधान करूंगा । सभा में पप्पु दुबे ,हाजला बीन हक्क , ब्रजेश कुमार चौबे ,बिरेन्द्र गोस्वामी ,काली सिंह, सुजन दास,साधन हजारी , पति पवन सराक , भागीरथ कर्मकार, धिरेन सराक , गोपी बाउरी, महादेव बाउरी, अभिषेक सिंह ,कुवर सिंह, डब्लु महथा , प्रदीप सिंह , लक्ष्मण बाउरी, धीरज हाजारी ,साधन हाजारी, जितेन्द्र सिंह , बब्लु सिंह,राजकुमार सिंह , पप्पु सिंह , बलराम सिंह , के अलावे सैकड़ो उपस्थित थे ।

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान, जिला प्रशासन ने किया रैली का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता प्रतिशत में वृद्धि के हेतु से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में रविवार को जिला प्रशासन द्वारा 22- बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार का मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा ढोल मांदर बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पतरातू प्रखंड कार्यालय में मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से मतदान की प्रति मतदाताओं को जागरूकता संदेश दी गई इसके उपरांत मतदाता रैली निकली गई जो प्रखंड कार्यालय से पतरातू बस्ती होते हुए राजकीय संपोषित प्लस टू विद्यालय तक आयोजित की गई जहां सभा का आयोजन कर लोगों को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के







दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित जिले के अन्य वारिया पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली के दौरान निर्वाचन तिथि 13 नवंबर बड़कागांव विधानसभा चुनाव अंकित तख्ती को रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ आसमान में छोड़कर मतदाताओं को स्वच्छ व निष्पक्ष रूप से आगामी 13 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र के लिए जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई।वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच आगामी विधानसभा निर्वाचन 22 बड़कागांव क्षेत्र मतदान तिथि अंकित मतदाता जागरूकता आमंत्रण कार्ड देकर मतदाताओं को मतदान करने का अपील भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय संपोषित प्लस टू विद्यालय पतरातु के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पेंटिंग उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को भेंट दिया दिया गया वही बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से बनाए गए रंगोली का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अवलोकन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए साथ ही सभी ने 13 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो, पुलिस उपाधीक्षक पतरातु, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु, अंचल अधिकारी पतरातु,सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विकास को लेकर आजसू कृतसंकल्पित : चंद्रप्रकाश चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने



रविवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में लारी एवं सुकरीगढ़ा पंचायत का चुनावी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर एनडीए प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। मौके पर सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य वासियों के साथ जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। पांच लाख युवाओं को नौकरी, बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गयी थी। लेकिन सरकार के इस झूठे आश्वासन से लोगों ठगा महसूस कर रहे है। केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य सरकार के उदासीन रवैया के कारण धरातल पर नहीं उतारा जा सका। उन्होंने आगे कहा कि अगर झारखंड में एनडीए की सरकार बनी, तो राज्य वासियों के लिए बालू फ्री किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं से अवगत होकर इसे दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## जगाधत्री का पूजा प्राचीन दुर्गा मंदिर में किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां जगाधत्री पूजा का पूजा चट्टी बाजार गोला रोड में प्राचीन दुर्गा मंदिर के मंदिर में किया गया। सप्तमी अष्टमी नवमी तथा कल दशमी का पूजा किया जाएगा । पूरे विधि विधान के साथ मुख्य पुजारी भ्रमर कुमार गोस्वामी संतोष चक्रवर्ती तथा सहयोग में गणेश सिंह जदू सिंह ऋषिकेश सिंह सुदर्शन सिंह सुमित सिंह मंदिर पूजा कमेटी के सदस्य गोलू राहुल मजूमदार भीम सिंह युधिष्ठिर सिंह विक्रम प्रताप सिंह किशन सिंह हुलास ठाकुर विवेक गोस्वामी समस्त पूजा कमेटी के लोग आदि उपस्थित थे।

## पतरातू बस्ती में जगन्नाथ मुंडा के घर सरना झंडा व खखरा दर्शन हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ ब्लॉक के पास पतरातू बस्ती में जगन्नाथ मुंडा के घर सरना झंडा व खखरा दर्शन हुआद्य पहले शांति मुंडा ने सरना झंडा दर्शन हुआ पहले शांति मुंडा ने सरना झंडा को देखी द्य पाहन के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गयाद्य मौके पर जगन्नाथ मुंडा, राजेश पहान,आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, श्रीवास्तव मुंडा, भुनेश्वर बेदिया, गणेश पहान, अनिल बेदिया, रूपलाल पहान, धर्मेश मुंडा आदि कोई उपस्थित थे।

## विप्र फाउंडेशन के पुरोधा सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ का अभूतपूर्व सम्मान किया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विप्र फाउंडेशन एक अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सेवा के कार्यो में संलग्न अग्रणी संस्था है, शनिवार को विप्र फाउंडेशन के द्वारा रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न प्रांतों से आये राष्ट्रीय पदाधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक, कर्मयोगी सत्यनारायण शर्मा सार्वजनिक जीवन के 50 वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में अभूतपूर्व सम्मान किया गया द्य झारखंड प्रांत से विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड एवं ओडिशा प्रदेश प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा चाईबासा ने पुष्प माला पहना कर सम्मान किया, राष्ट्रीय सचिव विजय कौशिक ने बाबा धाम का पेड़ा प्रसाद , प्रदान करके सम्मान किया एवं झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा रामगढ़ ने झारखंड प्रदेश के तरफ से मोमेंटो देकर एवं साल ओढ़ कर सम्मानित किया एवं दीर्घ आयु की कामना की , गणेश दामा ने भी पुष्प गुच्छ दे कर सम्मान किया द्य विदित हो कि सत्यनारायण शर्मा मध्य प्रदेश के खान मंत्री रहे एवं जब छत्तीसगढ़ बना तब शिक्षा मंत्री रहे एवं लगातार सात बार विधायक रहे और प्रदेश की सेवा करते हुए बेदाग रहे आज उनके 50 वर्ष पूरे हुये, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक संयोजक विप्र गौरव सुशील ओझा जी ने कहा यह वर्ष विप्र फाउंडेशन के 15 वर्ष पूर्ण होने पर स्फटिक जयंती के रूप में मनाया जा रहा है, इस आशय की जानकारी झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने दी।

## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं नशा मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना / ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान बरलंगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सुगठिकरा से करीब 100 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ एवं पतरातू (भदानी नगर) ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिचा, चोरधारा से करीब 250 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ, कुल- 350 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ बरामद हुआ, जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 24,500/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में बरलंगा थाना एवं पतरातू (भदनी नगर) ओ0पी0 में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर आठवें दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर आठवें दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक फुटबॉल ग्राउंड होते हुए बस रही गुरुनानक स्कूल पहुंची। यहां अरोड़ा परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली जी ने सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा जी को स्वरूप शिरोपा देकर सम्मानित



किया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी प्रीतम सिंह कालरा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा इंद्रजीत सिंह होरा रमन सिंह कोहली कशिश छाबडा अंकित कालरा प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा रवि अरोड़ा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनी विक्की छाबड़ा कशिश छाबडा अंगद चंडोक हरेंद्र छाबड़ा गुरप्रीत चाना,अन्नू कालरा हरपाल सिंह अरोड़ा राजू छाबड़ा गुरप्रीत सिंह बबलू छाबड़ा जगजीत सिंह गुरजीत सिंह शान पप्पू जस्सल कुलवंत सिंह मारवाह रणजीत सिंह हरजीत सिंह रोमी छाबड़ा जगजीत सिंह जग्गी अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह नीतू सिंह जस्सल, चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

## पद और पैसे का नशा अंबा के सर पर चढ़कर बोल रहा है : किशलय तिवारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रविवार को भाजपा एवं आजसू ने ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद एवं उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पद और पैसे का नशा शायद इस परिवार के सर पर चढ़कर बोल रहा है। एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के विरुद्ध कई अवांछित कुकृत इनके द्वारा किया जा रहा है। रोशन लाल चौधरी के मोबाइल पर फ्रॉड कॉलिंग करवा कर उनके साथ अभद्रता किया जाता है। साथ ही गंदी-गंदी फोटो डालकर उनको बदनाम करने का प्रयास निरंतर इस परिवार के द्वारा किया जा रहा है। इतना ही नहीं पद और पैसे का गुमान कुछ इस तरह उनके सर पर चढ़कर बोल रहा है कि मतकमा चौक स्थित एक होटल जो स्वर्गीय जगदीश प्रसाद यादव की पत्नी के द्वारा संचालित किया जा रहा है और जो उनका एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन है। वहां अपने पद और पैसे का रौब दिखाते हुए जबरन उसे कांग्रेस पार्टी का कार्यालय बनाया गया।जबकि यह होटल उस विधवा महिला की निजी संपत्ति है हालाकि इसकी लिखित शिकायत उक्त महिला के द्वारा प्रशासन को दिया जा चुका है बात को आगे जारी रखते हुए उन्होंने प्रशासन तथा अंचलाधिकारी के भी इस कुकृत में संलिप्त रहने की बात कही। बड़कागांव विधानसभा के आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू ने साफ तौर पर प्रशासन एवं अंचलाधिकारी को अंबा प्रसाद एवं उनके परिवार का एजेंट शब्द से इंगित करते हुए कहा कि आप लोग अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक निभाएं। जनता आपके भरोसे ही बैठी रहती है,ताकि उन्हें उचित न्याय मिल सके।उन्होंने चुनाव आयोग से भी गुहार लगाई है कि इस बात पर संज्ञान लिया जाए।

## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में अंबा प्रसाद को जीताने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रविवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना पासवान के निर्देश पर चुनाव को लेकर बनाए गए पंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों की एक बैठक पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित शुभम पैलेस होटल में संपन्न हुई।बैठक में पतरातू के 46 पंचायत के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त प्रभारीयों के साथ चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हर हाल में विजयी बनाने हेतु संकल्प लिया गया और सभी प्रभारी से उनके प्रभार क्षेत्र में आ रही समस्याओं के निराकरण एव पर चर्चा की गई प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल द्वारा कहा गया कि प्रदेश एवं जिला के निर्देशानुसार आप सभी प्रखंड प्रभारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में तन मन एवं धन से लग जाएं,शेष बचे तीन दिनों में एक-एक कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर सभी कमीयों को दूर करें और प्रत्याशी से संपर्क करते हुए उन्हे हर स्थिति से अवगत कराए।मौके पर चमन लाल,रूचन पांडे, बीरू सिंह,प्रेमनाथ विश्वकर्मा,अमर यादव,जयप्रकाश सिंह,अनिल सिंह, असगर अली,रमाकांत दुबे,लखन मुंडा,संजय कु0शर्मा,अनिल कुशवाहा,सरफराज अहमद,संजीव सिंह,मो.आरिफ,मो.माहताब,सत्यम सिंह राजपूत,तुषार मिश्रा,धीरज पटेल,तारिक रजा,नौशाद आलम, एवं अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु रविवार को चन्दन कुमार, (भा0प्र0से0), उपायुक्त, रामगढ़ एवं अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा 22 बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पतरतू प्रखण्ड में दिनांक-13.11.2024 को होने वाले मतदान के दिन मतदाता प्रतिशत में वृद्धि एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन प्रखण्ड कार्यालाय से पतरातू बस्ती होते हुए राजकीय संपोषित प्लस टू विद्यालय तक किया गया। इस कार्यक्रम में मतदाताओं को जगरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र देकर अवश्य मतदान करने हेतु अपील किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पतरातू अंचल अधिकारी पतरातू, पु0नि0, प्रतरातू अंचल / थाना प्रभारी, बासल/ओ0पी0 प्रभारी भुरकुण्डा / बरकाकाना/भदानी नगर उपस्थित रहें।

# विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन को लेकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदाताओं ने किया मतदान

### निर्वाचन के दौरान आवश्यक सेवा में रहने वाले मतदाता पोस्टल बैलट से कर रहे हैं मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 22- बड़कागांव विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार 22 बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन हेतु पोस्टल बैलट से मतदान सुनिश्चित कराने के मद्देनजर कैमरे की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ रामगढ़ जिले में कुल पोस्टल बैलट 6 मतदान केंद्रों निर्वाचन के दौरान आवश्यक सेवा में लगे मतदाताओं के द्वारा मतदान किया गया।जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट कोषांग कर्मी एवं पदाधिकारी द्वारा वृद्ध 85+एवं दिव्यांग मतदाताओं जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं



है उन सभी मतदाताओं के घर घर जाकर कराया गया मतदान।वरीय पदाधिकारी मतपत्र कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलट से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसके लिए कुल 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं यथा 1.समाहरणालय कार्यालय ब्लॉक ए 2. पुलिस लाइन,3. परिवहन कार्यालय वाहन कोषांग वही गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं रामगढ़ जिले में निर्वाचन के दौरान आवश्यक कार्य में लगे मतदान कर्मी ,85 +वृद्ध एवं दिव्यांग वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है वहीं प्रतिनिधि पदाधिकारी द्वारा उन सभी मतदाताओं के घर-घर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर मतदान कराया जा रहा है। मीडिया कर्मी सहित अन्य मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से लगभग 6000 मतदाता करेंगे मतदान।होम वोटिंग के दौरान 85 + वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं ने जिला प्रशासन के इस पहल को लोकतंत्र की एक मजबूत पहल बताते हुए जिला प्रशासन को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बने के लिए धन्यवाद कहा।

## पतरातु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड पतरातू परिसर से बड़कागांव करेगा वोट के नारों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।जिसमे रामगढ़ डीसी चंदन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया पीवीयूनएल महाप्रबंधक मनीष खेत्रपाल एवं पीवीयूएनएल के अन्य अधिकारी के साथ एसएस हाई स्कूल पतरातु,मिडिल स्कूल सांकुल,डीएवी स्कूल पतरातु,जिंदल स्कूल पतरातु के शिक्षक एवं हजारों की संख्या में छात्र उपस्थित थे।मौके पर डीसी चंदन कुमार का स्वागत वीडियो कुमार मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी मनोज चौरसिया एवं स्पर्श ई वॉइस सृजन बाल विकास भवन पीवीयूएनएल के द्वारा स्वागत गण एवं नाट्य रूपांतरण पेश कर किया गया। इस जागरूकता रैली में हजारों संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रैली लगभग एक किलोमीटर तक लंबी थी तथा लोग इस रैली को देख मंत्र मुग्ध हो गए जागरूकता रैली प्रखंड परिसर से शुरू होकर भगत सिंह चौक,मेन रोड गेट,स्टेशन रोड एसएस हाई स्कूल होते हुए वापस प्रखंड परिसर पहुंचा।

### मतदान के समय जो रिजर्व ईवीएम हैं उनकी सुरक्षा सर्वोपरि : बाघमारा प्रसाद कृष्णा

# पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा सर्वोपरि : हरीश बिन जमां

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारीयों के साथ हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज रविवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक नगर भवन, लोहरदगा में बैठक हुई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया की अहम जिम्मेवारी सेक्टर पदाधिकारियों की है। मतदान के समय जो रिजर्व ईवीएम हैं उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। ईवीएम को सुरक्षित वाहनों में ही रखा जाए और किसी भी परिस्थिति में ईवीएम को छोड़कर कहीं जाना नहीं है। बिना पुलिस के ईवीएम वाले वाहन का मूवमेंट नहीं हो। इस्तेमाल किये गये ईवीएम और बिना इस्तेमाल किये गये ईवीएम को अलग-अलग रखना है। किसी भी स्थिति में ईवीएम स्थान पर मिक्स नहीं करना है। मतदान के दिन (13 नवंबर 2024) बूथों में मतदाताओं की लाईन नियमित रूप से चलती रहनी चाहिए। अगर मतदान प्रक्रिया धीमी है तो इसकी सूचना जिला के वरीय पदाधिकारियों को दें। आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक सहयोग जिला स्तर से दिया जाएगा। बूथों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो। लाईन धीमी किसी भी स्थिति में नहीं चले। जिन बूथों में वोटिंग चार बजे तक होना है उसमें ख्याल रखा जाए। पीठासीन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशी के एजेंट को निर्धारित प्रारूप समय से उपलब्ध करा दिया जाए। मोबाईल एप्स पर समय से डेटा अपलोड किये जाएं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई भी पदाधिकारी इधर-उधर भ्रमणशील नहीं रहें। दवाईया और अन्य जरूरत की वस्तुएं अपने साथ रखें। यूनिट की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बीते बार बहुत ही बढ़िया तरीके से निर्वाचन संपन्न कराया था। पोलिंग पार्टियों को अच्छी तरह सुरक्षा देना आपकी जिम्मेवारी है। अपने वाहनों की टैगिंग समय से करा लेंगे। पुलिस पदाधिकारी और सेक्टर पदाधिकारी एक दूसरे के बीच बेहतर समन्वय बना कर रखेंगे। जिन पोलिंग बूथों में चार बजे का पोलिंग है वहां लाईन में लगे हुए मतदाताओं को वोटिंग करा लेना है। कोई भी काम हड़बड़ी में नहीं करना है। सभी प्रारूप बेहतर तरीके से भरा जाना है। क्यूआरटी टीम और सीएपीएफ टीम के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहेंगे। जिन ईवीएम में वोट समाप्त हो जाएगा उन्हें जमा कर स्कॉट करते हुए निर्धारित रिसिविंग सेंटर में जमा करना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन निश्चित रूप से करेंगे। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी व सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवनशैली में अपनाएं : प्रान्त प्रभारी रामजीवन पांडे

# पतंजलि के नेतृत्व में आयोजित 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में सेन्हा प्रखंड में आयोजित 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रान्त प्रभारी रामजीवन पांडे ने नव प्रशिक्षुओं को योग, प्राणायाम, आसन, ध्यान का गहन प्रशिक्षण दिया एवं पूरे जिले में योग के प्रचार प्रसार के लिए आह्वान किया। प्रान्त प्रभारी ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में दैनिक योग कक्षा लगाकर, निःशुल्क योग शिविर का आयोजन कर समिति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपना पुरुषार्थ करें क्योंकि स्वस्थ रहना बहुत चुनौती पूर्ण कार्य हो गया है। उन्होंने कहा योग की जीवनशैली में अपनाएं। इस शिविर में पंद्रह प्रशिक्षुओं को सह योगशिक्षक शिक्षक का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जो आगामी 17 नवम्बर से मुख्यालय हरिद्वार में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग, प्राणायाम, अध्यात्म आदि ऋषियों द्वारा दी गयी ब्रह्मविद्या दिव्य विद्या है। जिसका अनुसरण कर के मनुष्य पूर्ण, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन जी सकता है, उन्होंने नव प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूरे जिले को योगमय बनाना है जिसके लिए अखण्ड पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह ने भी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया एवं उत्साह बढ़ाया। विदित हो कि इस योग प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि के जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, योग शिक्षक विजय कुमार, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, शिवराज विजय आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समापन के क्रम में यज्ञ हवन आचार्य रघुनन्दन द्वारा कराया गया एवं खीर प्रसाद का वितरण विजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रंजीत कुमार,रविंद्र कुमार, संतोष, राजेस्वर, अमन, दीपक, रामलगन सहित बड़ी संख्या में योगाभ्यासी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# हमारा एक वोट हमारे राज्य के भविष्य को आकार देने मे निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका : संजय सर्राफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि झारखंड मे दो चरणों 13 नवंबर एवं 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करना न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। यह समय है जब हम अपने मताधिकार का उपयोग करके अपने भविष्य को आकार दे सकते हैं और अपने राज्य के विकास में योगदान दे सकते हैं। मतदान हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें अपने नेताओं का चुनाव करने का अवसर प्रदान करता है, जो हमारे राज्य के भविष्य को आकार देते हैं । हमारा एक वोट हमारे राज्य के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए, हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने राज्य के विकास में योगदान देना चाहिए। आइए हम अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लें और अपने राज्य के विकास में योगदान दें। हमें अपने नेताओं का चुनाव करना चाहिए जो हमारे राज्य के लिए काम करेंगे और हमारे समाज को आगे बढ़ाएंगे। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करके अपने राज्य के भविष्य को आकार देना चाहिए। इस चुनाव के पर्व मे हम सभी को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प ले कि हम अपने राज्य की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लें और अपने राज्य के भविष्य को आकार दें।

# क्रम संख्या दो के हाथ छाप में बटन दबाये : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी भुषण बाड़ा ने प्रखंड के केराकच्छार, सोगसोगा, नवाटोली, कसडेगा गंझूटोली, गड़ियाजोर आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर हाथ छाप में लोगों को वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 13 नवम्बर को ईवीएम के 2 नम्बर में स्थित हाथ छाप में वोट देकर उन्हें भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजें। भुषण बाड़ा ने कहा कि राज्य का विकास इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास की अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारी गई है। उन्होंने कहा कि अगर वे जीतते हैं तो सिमडेगा विधानसभा राज्य का सबसे खुशहाल विधानसभा बनेगी। जहां पर समस्या शून्य होगा। हर हाथ में काम होगा। पूरा सिमडेगा खुशहाली और तरक्की का गीत गायेगा। भूषण बाड़ा ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की पूरी जनता उनके साथ है। इस बार क्षेत्र की जनता एकतरफा जिताकर विधानसभा भेजने का मन बना चुकी है। उन्होंने भाजपा, झापा सहित अन्य पार्टी और निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से सचेत रहने की अपील की।

## महिला कॉलेज सिमडेगा में दिया गया पोलिंग पार्टी को अंतिम प्रशिक्षण-सह-ब्रिफिंग



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 के निमित्त महिला कॉलेज सलडेगा में 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को अंतिम प्रशिक्षण -सह- ब्रिफिंग दिया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात सभी पोलिंग पार्टियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर ब्रिफिंग किया गया। 71-कोलेबिरा आर0ओ0-सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार ने मतदानकर्मियों/ पदाधिकारियों को उचित तरीके से अमिट स्याही लगाने, मतदाता रजिस्टर को ठीक से भरने, मॉक पोल की प्रक्रिया समय पर पूरा करने एवं मॉक पोल डेटा को सीआरसी कर डिलीट करने सहित अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में बताया इइस दौरान मास्टर ट्रेनर चुनौती मत पत्र, निविदत्त मत पत्र एवं विभिन्न प्रपत्र मतों का लेखा प्रपत्र में भरने, पीठासीन की डायरी के आंकड़ों में द्वितीय मतदान पदाधिकारी के मतदाता रजिस्टर के आंकड़ों की महत्ता के बारे में जानकारी दीं. वहीं सभी मतदानकर्मियों/ पदाधिकारियों के उनके कार्यों एवं दायित्वों, मॉक पोल से संबंधित जानकारियों एवं सभी को ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर एलआरडीसी श्रीमती अरुणा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## नगरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अधीन निषेधाज्ञा लागू : उपायुक्त

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 15.10.2024 को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में विधानसभा आम चुनाव, 2024 के क्रम में सम्पूर्ण लोहरदगा जिलान्तर्गत लोक परिशान्ति कायम रखने के निमित मैं, डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण (भा0प्र0से0) जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त लोहरदगा नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (07.00 बजे पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक) के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 11.11.2024 के अपराह्न 05.00 बजे से 13.11.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू करता हूँ, तद्आलोक में सम्पूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होना या एक साथ जत्था में आवागमन निषेध है, यह निषेधाज्ञा हाट या मेला में एकत्रित लोगों, मंदिर, मस्जिद या गिरजाघरों में उपासना करने के लिए आये लोगों पर और शव यात्रा में शामिल लोगों पर तथा विधानसभा आम चुनाव, 2024 के क्रम में Door-to-Door Campaigning पर प्रतिबंध नहीं होगा। सम्पूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा परन्तु यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारियों/ कर्मचारियों/ पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल, नेपालियों एवं सिक्खों द्वारा पारम्परिक तरीके से धारण की जाने वाली खुखरी तथा कृपाण पर लागू नहीं होगा। सम्पूर्ण लोहरदगा जिला अन्तर्गत रात्रि 10 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्र बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा आयोजित किया जाना वर्जित है।

# कुडू प्रखण्ड में जनसंपर्क कर लोगो से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डा0 रामेश्वर उरांव के पक्ष में आज रविवार को कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम चिरी नवा टोली, गोपीटोली, चटकपुर, जीमा, टीको, ननतिलो, जांगी, लावागाई, जीमा चौक, चंडू, बरवाटोली, चिरी सियार पाड़ा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डा0 रामेश्वर उरांव ने लोगों को बताया कि हमारे इंडिया गठबंधन की सरकार ने जिस तरह से ऐतिहासिक फैसले लेते हुए लोगों को सीधा लाभ देने का प्रयास किया। मईया सम्मान योजना, पेंशन योजना, बिजली बिल माफी, ग्रीन कार्ड, अबुआ आवास जैसे योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ जनता ले पाए। यह सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार की साफ नीयत और सेवा भाव को दर्शाता है। इसी लक्ष्य से हम दोबारा अपनी जनता के पास आए हैं। हमारे कायों को देखते हुए मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि लोहरदगा की जनता अपना आशीर्वाद फिर से देगी। उन्होंने कहा कि मैं सेवक के रूप में लोहरदगा की जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया हूं और इसी तरह आगे भी करता रहूंगा। जनता एक बार फिर मुझे सेवा का मौका दें और अपनी बहुमूल्य मतों का प्रयोग कर विधानसभा भेजें और मुझे सेवा का एक बार और मौका देगी।

# विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने 5 साल मंत्री के खुमारी में सोये रहे : राजू गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के खरकी,कोच कशियाड़ीह नवाडी तिसिया डूमरटोली सलैया नारी नीनी आदि गांव के भ्रमण एवं एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के लिए वोट की अपील करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने कहा की लोहरदगा विधायक झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सिर्फ मंत्री के गुमान में बिता दिया वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे परंतु एक बाहरी व्यक्ति को लोहरदगा का दर्द क्यों दिखे लोहरदगा का दर्द स्वर्गीय कमल किशोर भगत और आजसू को दिखता था। जिसका उदाहरण है डर बाती जलाशय योजना जो 2015 में कैबिनेट से तत्कालीन माननीय मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने पास किया था जिसका पत्रांक 973 दिनांक 10 /11 /2015 है जो प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग के सुखदेव सिंह ने निविदा 1/9/ 2019 एवं 10/ 10/ 2019 को निकाला था उसकी प्राक्कलन राशि ?45 करोड़ 99 लाख 94हजार150 था जिससे किसको एवं लोहरदगा प्रखंड के लगभग 900 हैकटेयर खेतों की सिंचाई होती है अगर यह सरकार थोड़ा सा भी ध्यान देता तो यह परियोजना पूरी हो गई होती और इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलता और इतनी बड़ी आबादीखुशहाल होती और खेत लहलहाते परंतु सरकार को और स्थानीय मंत्री को इन सब चीजों से कोई लेना देना नहीं है। इसी तरह इस सरकार की नाकामी यह है पाखर खरकी देवदरिया पंचायत में कांग्रेस सरकार ने 1988 के सर्वे में आदिवासियों की रैयती जमीन जो सैकड़ो एकड़ है। उसको अनावाद बिहार सरकार दर्ज कर दिया। जिससे रैयत परेशान है और आंदोलन कर रहे हैं इन आंदोलन रत आदिवासियों को इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा न पूछा गया ना उनके दर्द को समझा गया बल्कि उनके जमीनों से उन्हें बेदखल किया गया है। इसका कारण है यहां के विधायक बाहरी व्यक्ति है जो क्षेत्र में गए नहीं तो क्षेत्र की समस्या और दुश्वरी क्या समझेंगे इस दर्द को समझने के लिए लोगों के बीच जाना होता है। जो हम जाएंगे और हम जा रहे हैं। इसी कड़ी में ध्रुव मोड़ से पाखर तक एवं किस्को से होन्दगा कुजरा पथ अत्यंत ही खराब है। जिसका सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। खराब रोड के कारण पाखर के लोगों ने आंदोलन किया।प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया,पर विधायक ने इसके बारे में सोचना भी मुनासिब नहीं समझा। इस तरह होंदगा का पुल गिरने के बाद यहां के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और सरकार दोनों से क्षेत्र की अनदेखी एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण वोट बहिष्कार का फैसला लिया यहां भी प्रशासन ने जाकर पहल की। झारखंड आंदोलनकारी के बारे में भी हेमंत सरकार जो झामुमो आंदोलनकारीयों के अगुवा की पार्टी कहलाती है आंदोलनकारी के बारे में सोचना भी मुनासिब नहीं समझा आंदोलनकारी इन से मिलते रहे की जो लोग आंदोलनकारी हैं उनको सही से चिन्हित कर पेंशन और मान सम्मान दिया जाए परंतु ईश्वर हेमंत सरकार का ध्यान तक नहीं गया इससे साफ जाहिर होता है कि एनडीए ने राज्य अलग किया है तो आंदोलनकारी को मान सम्मान पेंशन और स्वतंत्रता सेनानी के बराबर का दर्जा भी एनडीए ही देगी भ्रमण के क्रम में आंदोलनकारी सह केंद्रीय सदस्य श्री गुप्ता ने क्षेत्र के दर्द को बयान करते हुए कहा कि हम लोग आंदोलन झारखंड के संपूर्ण विकास एवं लोहरदगा को एक सुंदर एवं सुसज्जित लोहरदगा बनाने के लिए किए थे। परंतु जो लोग आंदोलन को बेचने और खरीदने का कार्य किया। जो लोग कहते थे की झारखंड हमारे लाश पर बनेगी ।वह लोग आज सत्ता में आकर झारखंड के विनाश में लगे हुए हैं और इसके अगवा हेमंत सोरेन हैं। हमें फिर से मौका मिला है इस सरकार को उखाड़ फेंकने का और नए तथा आंदोलनकारी के मनपसंद सरकार बनाने का।

# अंजुमन हॉस्पिटल में चौथे सप्ताह भी हुआ निशुल्क विशेष जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

- रांची के मशहूर डॉ. इरफान आलम के द्वारा किया गया 199 मरीजों का निशुल्क जांच व इलाज
- अंजुमन हॉस्पिटल चालू कराने की प्रक्रिया लगभग पूरी, जल्द शुरू जाएगा हॉस्पिटल : अब्दुल रउफ अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में रविवार को चौथे सप्ताह भी लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कुंबाटोली, ईदगाह रोड स्थित अंजुमन हॉस्पिटल में एक दिवसीय विशेष जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची के मशहूर डॉ इरफान आलम और उनकी टीम के द्वारा 199 मरीजों का निशुल्क जांच एवं इलाज किया गया। शिविर में लोहरदगा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों ने अपनी जांच एवं इलाज कराए,साथ ही डॉ इरफान आलम से परामर्श भी लिए। इस अवसर पर मरीजों को निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद (बेलू), कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, नाइब सदर नईम खान, सहसचिव अल्ताफ़ क़ुरैशी, प्रबंधन समिति के फारूक क़ुरैशी आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि अंजुमन हॉस्पिटल को चालू कराने की सभी प्रक्रियाएं लगभग पूरी कर ली गई है। जिसकी विधिवत शुरुआत जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक हॉस्पिटल की शुरुआत नहीं हो जाती है, तब तक हर सप्ताह रविवार को लगातार निशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों और मेम्बरान, आरिफ़ हुसैन, इरशाद आलम, मुस्लिम युथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहेमिन (बब्बान), एजाज़ अहमद और हॉस्पिटल टीम अनीस आलम,जफर आलम, शोएब अहमद (रजवी), साहिल रज़ा, दानिश अली और कफिल अहमद आदि का अहम योगदान रहा।

# सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 126 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 34 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य स्वास्थ्य जाँच हेतु सभी प्रकार का जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही किया जा रहा है,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है,इसके लिए आपको नियमित रूप से अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए, और कहा की 13 नवंबर को होने वाले चुनाव पर अपना मताधिकार उपयोग अवश्य करें और एक सशक्त सरकार चुनने में भागीदार बने,जिससे कि जिला,राज्य और देश प्रगति की ओर तेजी से बढ़ सके,आपका अपना एक वोट लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है,डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं रहते हैं जिससे कि छोटी बीमारींया भी बड़ा रूप ले लेती है,लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और लोगों को भी जागरूक करें, शरीर स्वस्थ रहेगा तब ही जीवन का गाड़ी सही से चल सकेगी।उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व शिक्षिका अनामिका भारती ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। और कहा की, राजू यादव भी स्वास्थ्य की जांच करने में अपना सहयोग दे रहे हैं।आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,अतुल सर्राफ, सुबोध महतो, ज्ञानेश गुप्ता, सोनिया पोद्दार, अनिल साहू, संजय साहू, सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, गंगोत्री देवी, किशोर अग्रवाल, राजू यादव, उदय कसेरा, सरिता देवी, सरोज प्रजापति, रामप्रसाद कांस्यकार, रमेश शर्मा, विकास कुमार, राहुल कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी देवी, सृष्टि कुमारी, अनूप महतो, कृष्णा प्रसाद, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## किसके माथे पर सजेगा विश्रामपुर का ताज









आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र

**विश्रामपुर :** आगामी 13 नवंबर को होने वाला चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी अपनी अपनी दम खम लगाए बैठे हैं। बात करें प्रत्याशी की तो रामचंद्र चंद्रवंशी भाजपा की तरफ से तीसरी बार चुनाव मैदान में डटे हुए है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विकास दुबे की धर्मपत्नी जागृति दुबे चुनाव मैदान में कड़ी संघर्ष करते नजर आ रही है। जिनका चुनाव निशान डीजल पंप छाप है।

तीसरी बार चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा से अंजू सिंह भी काफी सक्रियता के साथ जनता के बीच है, जो समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रही है। अगर बात करें नरेश सिंह की तो वे भी चुनाव मैदान में खड़े संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। वे राष्ट्रीय जनता दल से चुनाव लड़ रहे है। ये सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए अपना पूरा दमखम लगाए हुए हैं। सभी प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील भी कर रहे हैं। अभी तक जनता सभी प्रत्याशियों के बारे में सोच रही है और समझ रही है। यहां की जनता यह चाहती है कि वैसा व्यक्ति विधायक बने जो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करे।

साथ ही जितने भी क्षेत्र की समस्याएं हैं सभी का समाधान कर सकें। ऐसे 13 नवंबर के होने वाली मतदान के बाद ही कुछ आस लगाना संभव हो सकेगा। वही 23 नवंबर को होने वाली मतगणना से साफ हो जाएगा कि किसके माथे पर सजेगी विश्रामपुर विधानसभा का ताज। वही बनेगा जनता का सेवक।

डाल्टनगंज विस क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भरी हुंकार, मिल रहा जबरदस्त जन समर्थन

## विकास की दौड़ में पलामू को अग्रणी जिला बनाना मेरा जीवन का लक्ष्य : केएन त्रिपाठी

**त्रिपाठी ने कहा कि पलामू एक ऐतिहासिक स्थान है और और अपनी खूबसूरती के लिए पूरे देश में सुप्रसिद्ध है। लेकिन वर्तमान विधायक की अयोग्यता और निष्क्रियता की वजह से विकास की दौड़ में समूचे झारखंड में सबसे पिछले पायदान पर आ खड़ा हुआ है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मेदिनीनगर प्रखंड सह नगर निगम क्षेत्र के पोखराहां कला-खैराट, बारालोटा, जोड़, मउआर पैलेस, शाहपुर किला के पास, रेड़मा, नावाटोली, सुदना, पहाड़ी कर्बला के पास, जनकपुरी सहित शहर के दर्जनों मुहल्लों में सघन चुनाव प्रचार करते हुए मतदाताओं से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पलामू एक ऐतिहासिक स्थान है और और अपनी खूबसूरती के लिए पूरे देश में सुप्रसिद्ध है। लेकिन वर्तमान विधायक की अयोग्यता और निष्क्रियता की वजह से विकास की दौड़ में समूचे झारखंड में सबसे पिछले पायदान पर आ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार सहित वर्तमान झारखंड की राजनीति में पलामू सदैव चर्चित रहा है लेकिन पिछले एक दशक से पलामू में बदहाली का अंधेरा छाया हुआ है। पलामू लगातार अकाल झेलने के लिए अभिशप्त है। सिंचाई तो दूर लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। झारखंड बने 24 साल हो गए लेकिन छोटी मोटी बीमारी होने पर भी यहां के लोगों को ईलाज के लिए रांची, पटना, बनारस और दिल्ली जाना पड़ता है। आखिर कौन है इसका जिम्मेवार। श्री त्रिपाठी ने कहा कि एक जाति -धर्म से परे एक योग्य विधायक ही पलामू को खुशहाल और विकसित बनाकर बदहाली से उबार सकता है। लेकिन आपने जिसे चुना, उसी ने पलामू को बदहाली के रसातल में पहुंचा दिया।

### मेदनीनगर में पेयजल की कीमत को दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता

त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड में पांच प्रमंडल हैं। लेकिन सबसे पिछड़े प्रमंडल के रूप में पलामू की चर्चा होती है। इसी धरती का पुत्र होने की वजह से उन्हें यह जानकर बेहद अफसोस होता है। उन्होंने कहा कि वे देश की सीमाओं पर एक सैनिक के रूप राष्ट्र सेवा के उपरांत राजनीति में आये ही इसीलिए हैं ताकि पलामू को बदहाली से उबारकर पलामू को विकास के सर्वोच्च शिखर पर पंहुचा सकें। उन्होंने कहा कि पलामू को विकास की दौड़ में अग्रणी बनाना उनका जीवन लक्ष्य है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अगर उन्होंने उन्हें मौका दिया तो शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, खेलके क्षेत्र में पलामू को अग्रणी जिला बनायेंगे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कोयल नदी पर बांध बनाकर डाल्टनगंज शहर में पेयजल की व्यवस्था तथा खासमहाल की जमीन को मालिकाना हक दिलाने के लिए वे कृतसंकल्पित हैं।

### पलामू की बदहाली को देखकर रात में नहीं आती है नींद

केएन त्रिपाठी ने मतदाताओं से संपर्क करते हुए कहा कि उन्हें पलामू के किसानों, युवाओं तथा महिलाओं की बदहाल स्थिति देखकर रात में नींद नहीं आती है। शिक्षा, चिकित्सा, रोजी-रोटी के लिए पलायन के लिए मजबूर पलामू वासियों के दर्द को दूर करने के लिए उन्होंने पांच प्रतिज्ञाएं की है। डाल्टनगंज - भंडरिया विधानसभा के प्रत्येक बूथ से लगभग दस युवाओं को नौकरी दिलाने के लिए वे प्रतिज्ञाबद्ध हैं। क्षेत्र के प्रत्येक महिला समूह को व्यवसाय के लिए एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता, कोयल, औरंगा, अमानत एवं सुकरी नदी को मलय से जोड़ते हुए सैकड़ों नालों को बांधकर लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से सिंचाई की उचित व्यवस्था कराने के लिए वे प्रतिज्ञाबद्ध हैं। उन्होंने मतदाताओं से करबद्ध प्रार्थना करते हुए कहा कि आगामी तेरह तारीख को क्रम संख्या तीन हाथ छाप पर मुहर लगाएं और मुझे आशीर्वाद देकर मजबूती के साथ विधानसभा भेजें ताकि वे निरंतर पलामू की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए आपकी समस्याओं का समाधान कर सकूं।

गढ़वा के चुनाव में मुख्य मुद्दा बना विकास

## विकास के नाव पर सवार मिथिलेश ठाकुर को मिल रहा है अपार जन समर्थन

रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र



**मेदिनीनगर:** गढ़वा में चुनावी फिजा पूरी तरह से सज चुका है। यहां चुनाव प्रचार पूरे सवाब पर है। ऐसे तो गढ़वा विधानसभा में कई प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के बीच है। सत्येंद्र नाथ तिवारी का प्रचार करने यहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के पक्ष में मतदान करने और सत्येंद्र तिवारी को भारी मतों से जीतने की अपील गढ़वा के लोगों से कर चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को जीताने के लिए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव सहित कई नेता भी गढ़वा पहुंचकर अपनी पूरी ताकत लगा चुके हैं। गढ़वा के चुनाव में दोनों ही मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर के साथ सभी वर्ग और धर्म के लोगों का जोड़ा दिखा जा रहा है। उनके पक्ष में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के महिलाओं का जुड़ा साफ देखा जा रहा है इसका मुख्य कारण मुख्यमंत्री मैया समान योजना है मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का प्रभाव यहां साफ दिख रहा है। यही कारण है कि महिलाओं का झुकाव झारखंड मुक्ति मोर्चा और मिथिलेश ठाकुर की तरफ है। इस विधानसभा क्षेत्र के युवा वर्ग भी मिथिलेश ठाकुर को पूरी तरह से समर्थन कर रहा है। यहां के युवाओं का कहना है कि 5 वर्षों में मिथिलेश ठाकुर ने पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। कोई भी गांव या पंचायत ऐसा नहीं है , जहां मिथिलेश ठाकुर के द्वारा विकास की किरण नहीं पहुंचाई गई है। इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आजादी के बाद जितना विकास कार्य मिथिलेश ठाकुर ने 5 वर्षों में किया है उतना विकास कार्य अभी तक किसी विधायक ने नहीं किया था। यही कारण है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर की ओर लोगों का जमावड़ा देखा जा रहा है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हम लोग के सुख और दुख में 24 घंटे मिथिलेश ठाकुर खड़ा रहते हैं। जब भी किसी को कोई दिक्कत हो बीमारी हो या कोई भी आपातकालीन सेवा हो मिथिलेश ठाकुर तुरंत उसके लिए तत्पर और तैयार रहते हैं। इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों का रुझान पूरी तरह से मिथिलेश ठाकुर के प्रति देखा जा रहा है। वहीं अगर हम बात करें सत्येंद्र नाथ तिवारी की तो उनके साथ कमल का फूल और नरेंद्र मोदी ही सहारा हैं। सत्येंद्र नाथ तिवारी भी दिन-रात अपना जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को अपने पक्ष में करने की जबरदस्त कवायत में जुटे हुए हैं। इनके साथ भाजपाइयों का पूरा कुनबा देखा जा रहा है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दल कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल और झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरी तरह से चट्टानी एकता बनाकर चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मिथिलेश ठाकुर के द्वारा किए गए विकास कार्य भी लोगों का सर चढ़कर बोल रहा है।







PR NO-339964 (Election) 24-25